■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष–8 अंक–31)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 04 सितंबर, 2023



▶ वक्त से पहले हो सकते हैं लोकसभा चुनाव | ▶ कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की छवि धूमिल करता दरोगा | ▶ भगवान खुद ही देते हैं भक्तों को दर्शन

## न्यूज संक्षिप्त

### सोनिया गांधी की अचानक बिगड़ी तबियत

नईदिल्ली।पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती किया गया है। शनिवार को अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टरों का कहना है कि सोनिया गांधी को हल्के बुखार के लक्षण थे। जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सोनिया डॉक्टरों की निगरानी में हैं। वहीं उनकी हालत अभी स्थिर बताई जा रही है।बता दें कि इससे पहले मार्च में सोनिया गांधी की तबियत बिगड़ी थी जिसके चलते उन्हें सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि, एक दिन बाद जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया था कि उनकी हालत स्थिर है और वे पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

### आकाशीय बिजली का कहर, 10 लोगों की मौत, कई घायल

नई दिल्ली। ओडिशा के छह जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की घटना से छह लोगों की जान चली गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में राहत नहीं मिलने के आसार हैं।

देश के बीते कुछ दिनों से कई राज्यों में भारी बारिश का कहर जारी है। पहाड़ी राज्यों में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश हो रही है। इसके अलावा ओडिशा, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में बारिश जारी है। बीते दो दिन से ओडिशा में कदरत का देखने को मिला। राज्य में आपदा प्रबंधन से जुड़े विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) ने कहा कि शनिवार (2 सितंबर) को ओडिशा के छह जिलों में बिजली गिरने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन घायल हो गए। हिमाचल में खराब मौसम का सबसे अधिक असर दिखा जहां कई लोगों की मौत हो गई,

### नई बोतल में 'पुरानी शराब' से तगड़ी कमाई

नई दिल्ली। साल 2022-23 के दौरान यानी वर्ष दिल्ली आबकारी विभाग ने 61 करोड़ से अधिक शराब की बोतलें बेचीं। इस प्रकार से दिल्ली सरकार ने कुल 7,285 करोड़ रुपए की कमाई की।केजरीवाल सरकार काफी समय से नई आबकारी नीति को लेकर सुर्खियों में छाई हुई है। दिल्ली सरकार की इस पॉलिसी को लेकर काफी विवाद हुआ, इसके बाद 1 सितंबर 2022 को लागू अपनी उत्पाद शुल्क नीति को वापस लेना पड़ा था। दिल्ली सरकार ने बीते साल एक सितंबर से वापस 'पुरानी शराब पॉलिसी' को लागू कर दिया और अब इसकी वजह से कमाई और सेल्स का नया रिकॉर्ड बन गया है। साल 2022-23 के दौरान यानी वर्ष दिल्ली आबकारी विभाग ने 61 करोड़ से अधिक शराब की बोतलें बेचीं।

# साइबर क्राइम के सामाजिक, भूराजनीतिक प्रभाव, मुकाबले को वैश्विक सहयोग जरूरी : मोदी



नयी दिल्ली, 3 सितम्बर (निस)।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आतंकवादी संगठन कट्टरता फैलाने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहे हैं और डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी मंच जैसे उभरते डिजिटल माध्यमों का फायदा उठा रहे हैं।उन्होंने साथ ही साइबर अपराधों से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत बताई।प्रधानमंत्री ने पीटीआई–के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि विश्व बैंक का अनुमान है कि साइबर हमलों से 2019–2023 के दौरान दुनिया को लगभग 5,200 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि इनका असर वित्तीय पहलुओं से परे ऐसी गतिविधियों पर पड़ता है, जो बेहद चिंताजनक हैं। इसके सामाजिक और भू–राजनीतिक निहितार्थ हो सकते हैं। उन्होंने कहा, ''साइबर आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथ, धनशोधन से लेकर ड्रग्स और आतंकवाद तक धन पहुंचाने के लिए नेटवर्क मंचों का इस्तेमाल... ये असल चुनौती का एक छोटा हिस्सा है, जो दिखाई दे रहा है।'' मोदी ने कहा कि साइबरस्पेस ने अवैध वित्तीय गतिविधियों और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बिल्कुल नया आयाम जोड़ा है।

उन्होंने कहा, ''आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहे हैं, धनशोधन और ड्रग्स से मिले धन को आतंकी वित्तपोषण की ओर मोड़ रहे हैं। अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी मंच जैसे उभरते डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने साइबर खतरों को बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि वित्तीय नुकसान इसके प्रतिकूल प्रभाव का सिर्फ एक पहलू है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा साइबर हमलों का राष्ट्रों के सामाजिक ताने–बाने पर भी असर पड़ सकता है। मोदी ने कहा कि 'डीप फेक' के प्रसार से अराजकता पैदा हो सकती है और समाचार स्रोतों की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि फर्जी खबरें और 'डीप फेक' का इस्तेमाल सामाजिक शांति को को भंग करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, ''ऐसे में यह हर समूह, हर राष्ट्र और हर परिवार के लिए चिंता का विषय है। इसीलिए हमने इसे प्राथमिकता के रूप में लिया है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने जुलाई में गुरुग्राम में एनएफटी (नॉन–फंजिबल टोकन), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी20 सम्मेलन की मेजबानी की।उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के दौरान साइबरस्पेस और अंतरराष्ट्रीय कानून के स्थापित मानदंडों, सिद्धांतों और नियमों के खिलाफ जाकर होने वाली साइबर गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की गई।

### एक देश, एक चुनाव पर अरविंद का तंज, पूछा–

# आम आदमी को क्या मिलेगा?



चंडीगढ़। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक देश, एक चुनाव के औचित्य पर रविवार को सवाल उठाते हुए कहा कि इससे आम आदमी को क्या मिलेगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर हिंदी में किये गए एक पोस्ट में कहा, ''देश के लिए क्या जरूरी है? एक देश एक चुनाव या एक राष्ट्र एक शिक्षा (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसी अच्छी शिक्षा), एक देश एक इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज)। उन्होंने कहा, ''एक देश एक चुनाव से आम आदमी को क्या मिलेगा?'केंद्र सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर विचार करने और जल्द से जल्द सिफारिशें देने के लिए शनिवार को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति के गठन की अधिसूचना जारी की। केजरीवाल, अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ हरियाणा के भिवानी का दौरा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली और पंजाब की तरह, आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा में भी मुफ्त और विश्व स्तरीय शिक्षा एवं मुफ्त बिजली मुहैया कराएगी। एक दिन पहले, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बिना किसी का नाम लिए, 'मुफ्त की रेवड़ी' की पेशकश करने के बजाय भाजपा सरकार की आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता पर जोर दिया था। केजरीवाल ने परोक्ष तौर पर खट्टर की रेवड़ी टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''खट्टर साहब। हम दिल्ली में फ्री (मुफ्त) और विश्व स्तरीय शिक्षा देते हैं, फ्री और विश्वस्तरीय इलाज देते हैं। फ्री और 24 घंटे बिजली, पानी देते हैं। पंजाब में भी हमने ये सब काम शुरू कर दिए हैं। और जनता इन सुविधाओं से बहुत खुश है। जल्द ही हरियाणा के लोगों को भी इसका फ़ायदा मिलेगा।'' हरियाणा में अगले साल चुनाव होने हैं।

### डीएमके नेता उदयनिधि के बयान पर अमित शाह का पलटवार

# वोटबैंक की राजनीति और तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म का अपमान किया गया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को डीएमके और उनके 'इंडिया' गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के नेताओं पर जमकर हमला बोला है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर विवाद को लेकर ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बयान दिया है।उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म का अपमान किया गया है। इस बयान से सीधे तौर पर सनातन धर्म को खत्म करने की कोशिश की गई है। शाह ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि सनातन धर्म को खत्म करने के लिए कह रहे है। भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरूआत के अवसर पर डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ये बायन दिया है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सनातन धर्म की बात की है। उन्होंने सनातन धर्म का अपमान किया है।शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि हिंदू संगठन लश्कर–ए–तैयबा से भी ज्यादा खतरनाक हैं। उन्होंने कहा, आप हिंदू संगठनों की तुलना लश्कर–ए–तैयबा से करते हैं। आपके मंत्री कहते थे कि हिंदू आतंकवाद चल रहा है। विपक्षी गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताते हुए शाह ने कहा कि गठबंधन वोट बैंक की राजनीति के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, लेकिन वे जितना सनातन (धर्म) के खिलाफ बात करेंगे, उतना ही कम नजर आएंगे। उन्होंने कहा, ''वे कहते हैं कि अगर मोदी जीत गए तो सनातन शासन आ जाएगा। सनातन लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। मोदी ने कहा है कि देश संविधान के आधार पर चलेगा। मोदी ने देश को सुरक्षित करने के लिए काम किया है।'' अयोध्या में राम मंदिर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर को बाधित किया लेकिन अदालत के आदेश के बाद मोदी ने भूमि पूजन किया और जनवरी में उसी भूमि पर जहां राम का जन्म हुआ था, भव्य राम मंदिर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा विपक्षी गठबंधन इसे रोक नहीं सकता।

**उदयनिधि ने दिया था ये बयान**

बता दें कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार दो सितंबर को सनातन धर्म पर बयान दिया है जिसपर भयंकर विवाद शुरू हो गया है। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की है, जिसके बाद हंगामा हो गया है। उदयनिधि ने कहा कि इसका सिर्फ विरोध नहीं होना चाहिए। इसका सफाया होना चाहिए।

# इकबाल अंसारी के घर के सामने परमहंस दास ने किया वेद मंत्रों का पाठ, भारी मात्रा में पहुंची सुरक्षा



अयोध्या। एक देश एक चुनाव को लेकर केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर अयोध्या के साधु संत मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी समर्थन कर रहे हैं। आज तपस्वी छावनी के महंत परमहंस दास ने बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी के आवास पहुंचे। जहां महंत परमहंस दास ने वेद की ऋचाओं का पाठ किया वही साथ में बैठे इकबाल अंसारी ने कुरान के आयतों का पाठ कर दुआ मांगी कि सत्ता पक्ष और विपक्ष एक होकर इस कानून को लागू करें और देश का विकास हो। वहीं राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास भी इकबाल अंसारी के आवास पर पहुंचकर एक देश एक कानून को लागू करने के पक्ष में समर्थन दिया है।महंत परमहंस दास ने कहा कि एक देश एक चुनाव एक देश एक कानून को लेकर के विगत कई वर्षों से हम लोग अपने–अपने तरह से प्रयास कर रहे थे। कई तरह से हम लोगों ने अनुष्ठान किया और वही मुसलमान के अगुवा इकबाल अंसारी ने भी एक साथ कई बार तरह–तरह के अनुष्ठान और कार्यक्रम कर चुके हैं। जैसा कि पूर्व में डॉक्टर अब्दुल कलाम जी कहते थे। कि जिस दिन से एक देश एक चुनाव लागू हो जाएगा उसे दिन भारत के विकास की रफ्तार बढ़ जाएगी और सोने की चिड़िया कहां जाने वाला भारत पूरी दुनिया में नंबर एक पर होगा। इसलिए इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष सभी की सहमति होना चाहिए और सभी को मिलकर इसे सफल करें क्योंकि राष्ट्रहित और जनहित में है।

वही इकबाल अंसारी ने कहा कि अयोध्या धर्म की नगरी है। यहां सभी धर्म के देवी देवता विराजमान हैं। लेकिन अयोध्या वासियों को एक बात की फिक्र है हमारे देश का सिक्का यदि एक है तो कानून भी एक होना चाहिए और चुनाव भी एक होना चाहिए। हम लोग हमेशा विकास की बात करते हैं आज परमहंस दास इस बात को लेकर वर्षों से सोच रहे थे कि आगे बढ़ाया जाए तो वह दिन आ गया है और अयोध्या के साधु संत यहां के अगुवा है और सरकार से मांग करते हैं कि यहां का कानून एक है तो चुनाव भी एक होना चाहिए इससे यहां का विकास बढ़ेगा। वही कहा कि हमारा संप्रदाय भी यह चाहता है कि हम लोग सनातन धर्म के साथ मिलकर चलने वाले हैं जो सरकार की योजना है साधु संतों की राय है मुस्लिम समुदाय के लोगों की राय है। वह होना चाहिए और आज हम भी दुआ मांगते हैं कि देश की तरक्की और विकास के लिए एक देश एक चुनाव लागू हो और हमारी दुआ कबूल हो।




# चित्रकूट पहुंचे बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, भगवान कामतानाथ की पूजा- अर्चना, जन आशीर्वाद यात्रा के लिए हुए रवाना



चित्रकूट। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज यानी रविवार को चित्रकूट पहुंचे। उनके साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी थे। तीनों नेताओं ने कामतानाथ मंदिर में पूजा- अर्चना की।

भगवान कामतानाथ के दर्शन करने के बाद सियाराम कुटीर में भारत रत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किया। इसके बाद वे मध्य प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्रा के लिए रवाना हो गए। नड्डा का हेलीकॉप्टर दोपहर 11:00 बजे दीनदयाल शोध संस्थान हेलीपैड पर उतारा। वहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी अपनी कमर कसना शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनाव के पहले बीजेपी चित्रकूट से जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत कर रही है। जेपी नड्डा मध्यप्रदेश के मझगवां से जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे।मध्य प्रदेश विधानसभा चित्रकूट पूरे मध्य प्रदेश में दिलचस्प सीट है। पिछले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस विधानसभा में दो दिन रुक कर प्रचार प्रसार किया था, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी नीलांशु चतुर्वेदी के सामने बीजेपी उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा था।

भाजपा ने चित्रकूट के लिए अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। उधर कांग्रेस वर्तमान विधायक नीलांशु चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कई मांगे की है। उन्होंने कहा है कि चित्रकूट की जनता को हर बार भाजपा सरकार ठग रही है।



## संपादकीय

### जानलेवा प्रदूषण

यह विडंबना ही है कि देश में प्रदूषण व अन्य पर्यावरणीय संकट से जुड़े निष्कर्ष विदेशी एजेंसियों, विश्वविद्यालयों तथा विदेशी जर्नल के जरिये सामने आए तथ्यों के आधार पर पेश किये जाते हैं। कहना कठिन है कि शोध व अध्ययन के ये आंकड़े कितने तार्किक व विश्वसनीय हैं। यह भी कि उसमें बाजार की कितनी भूमिका है। विगत में पश्चिमी देशों की विशालकाय बहुराष्ट्रीय कंपनियां विकासशील देशों की प्रतिष्ठा से खेलने का उपक्रम भी करती रही हैं। विडंबना यह भी है कि ये अध्ययन उन विकासशील देशों को केंद्र में रखकर किये जाते हैं, जो सदियों औपनिवेशिक शासन के जरिये इन्हीं विकसित देशों द्वारा शोषित होते रहे हैं। जाहिर है अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु औद्योगिक इकाइयों का विस्तार इन देशों की मजबूरी है। बड़ी आबादी को रोजगार देना भी विवशता है। अपना लक्षित विकास कर चुके विकसित देश अब ग्लोबल वार्मिंग व प्रदूषण का ठीकरा विकासशील देशों के सिर फोड़ने पर आमादा रहते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एक संस्थान की वह रिपोर्ट हमें परेशान करती है कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु पांच साल कम कर रहा है। जबकि दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी दिल्ली के बारे में अध्ययन बताता है कि लोगों की उम्र 11.9 साल घट सकती है। बहरहाल, इन आंकड़ों का सत्यापन करने और प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की भी जरूरत है। अध्ययन इशारा करता है कि देश की एक अरब तीस करोड़ की आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। वहीं दो तिहाई भारतीय जनसंख्या ऐसे शहरों में निवास करती है, जहां प्रदूषण भारतीय मानकों से भी अधिक है। दूसरी ओर भारत का सबसे कम प्रदूषित शहर भी डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानकों से सात गुना अधिक प्रदूषित है।सवाल यह है कि हमारे नीति-नियंता इस विकट होती स्थिति से निबटने के लिये युद्धस्तर पर पहल क्यों नहीं करते। दीवाली के बाद जब दिल्ली गहरे प्रदूषण के आगोश में होती है तो कोर्ट से लेकर सरकार तक अति सक्रियता दर्शाते हैं। लेकिन स्थिति थोड़ी सामान्य होने पर परिणाम वही 'ढाक के तीन पात'। कभी पेट्रोल-डीजल के नये मानक तय किये जाते हैं तो कभी जीवाश्म ईंधन पर रोक लगाने की बात की जाती है। फिर पराली को लेकर ठीकरा पंजाब व हरियाणा के किसानों के सिर फोड़ दिया जाता है। जिससे रह-रह कर प्रदूषण गंभीर स्थिति में पहुंचता रहता है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में यह कार्यक्रम देश के सौ से अधिक शहरों में शुरू किया था।
जिसका मकसद ज्यादा प्रदूषित शहरों में हवा के स्तर को सुधारना था। विडंबना यह है कि चार साल बाद पता चला कि किसी भी शहर ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया।

# पिघलती बर्फ से निकलते रोगाणुओं के खतरे

**हेलसिंकी विश्वविद्यालय में पारिस्थितिक डेटा विज्ञान के प्रोफेसर और अध्ययन के सह-लेखक जियोवन्नी स्ट्रोना ने कहा कि हमने पहली बार इन रोगाणुओं के संभावित पारिस्थितिक प्रभाव की मॉडलिंग करने का प्रयास किया है। पर्माफ्रॉस्ट दरअसल बर्फ से एक साथ बंधी मिट्टी, बजरी और रेत का मिश्रण है। ऐसी जमीन आर्कटिक के क्षेत्रों में पृथ्वी की सतह पर या उसके नीचे पाई जाती है, जिसमें अलास्का, ग्रीनलैंड, रूस, चीन और उत्तरी और पूर्वी यूरोप के कुछ हिस्से शामिल हैं। जब पर्माफ्रॉस्ट बनता है तो बैक्टीरिया और वायरस जैसे सूक्ष्म जीव इसके अंदर फंस सकते हैं और हजारों या लाखों वर्षों तक निष्क्रिय सजीव अवस्था अथवा सस्पेंडेड एनिमेशन की स्थिति में जीवित रह सकते हैं। गर्माहट वाली अवधि उन चयापचय प्रक्रियाओं को शुरू कर सकती है जो इन निष्क्रिय रोगाणुओं को पुन: सक्रिय और पुन: उत्पन्न कर सकती है।ग्लोबल वार्मिंग की परिस्थितियों में पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से कुछ रोगाणु बाहर आ रहे हैं जिनमें बीमारी पैदा करने की क्षमता वाले रोगाणु भी शामिल हैं। वर्ष 2016 में साइबेरिया में असामान्य रूप से तेज गर्मी के दौरान पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने के बाद एंथ्रेक्स के प्रकोप से हजारों रेनडियर हिरणों की मौत हो गई थी**



जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप बर्फीली जमीन के पिघलने पर पर्माफ्रॉस्ट (स्थायी तुषार भूमि) में कैद खतरनाक वायरस जाग सकते हैं। एक अध्ययन में पाया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण सैकड़ों-हजारों वर्षों से छिपे प्राचीन रोगाणु पर्माफ्रॉस्ट से उभरने लगे हैं और इनमें से लगभग 1 प्रतिशत आधुनिक पारिस्थितिक तंत्र के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकते हैं।
हेलसिंकी विश्वविद्यालय में पारिस्थितिक डेटा विज्ञान के प्रोफेसर और अध्ययन के सह-लेखक जियोवन्नी स्ट्रोना ने कहा कि हमने पहली बार इन रोगाणुओं के संभावित पारिस्थितिक प्रभाव की मॉडलिंग करने का प्रयास किया है। पर्माफ्रॉस्ट दरअसल बर्फ से एक साथ बंधी मिट्टी, बजरी और रेत का मिश्रण है। ऐसी जमीन आर्कटिक के क्षेत्रों में पृथ्वी की सतह पर या उसके नीचे पाई जाती है, जिसमें अलास्का, ग्रीनलैंड, रूस, चीन और उत्तरी और पूर्वी यूरोप के कुछ हिस्से शामिल हैं। जब पर्माफ्रॉस्ट बनता है तो बैक्टीरिया और वायरस जैसे सूक्ष्म जीव इसके अंदर फंस सकते हैं और हजारों या लाखों वर्षों तक निष्क्रिय सजीव अवस्था अथवा सस्पेंडेड एनिमेशन की स्थिति में जीवित रह सकते हैं। गर्माहट वाली अवधि उन चयापचय प्रक्रियाओं को शुरू कर सकती है जो इन निष्क्रिय रोगाणुओं को पुन: सक्रिय और पुन: उत्पन्न कर सकती है।ग्लोबल वार्मिंग की परिस्थितियों में पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से कुछ रोगाणु बाहर आ रहे हैं जिनमें बीमारी पैदा करने की क्षमता वाले रोगाणु भी शामिल हैं। वर्ष 2016 में साइबेरिया में असामान्य रूप से तेज गर्मी के दौरान पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने के बाद एंथ्रेक्स के प्रकोप से हजारों रेनडियर हिरणों की मौत हो गई थी और दर्जनों लोग प्रभावित हुए थे। इसके लिए वैज्ञानिकों ने पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने को जिम्मेदार ठहराया था। ये रोगाणु ज्यादा खतरा इसलिए पैदा करते हैं क्योंकि मनुष्य और आज जीवित अन्य जीव इतने लंबे समय से इनके संपर्क में नहीं आए हैं। इसका अर्थ है कि आधुनिक पारिस्थितिक तंत्र में उनके खिलाफ बहुत कम बचाव हो सकता है। यदि रोगाणु लंबे समय से बैक्टीरिया, मानव या पशु समुदायों के साथ रह रहे हैं तो आप रोगाणुओं और स्थानीय समुदाय के बीच कुछ सह-विकास की उम्मीद कर सकते हैं। इससे पारिस्थितिक तंत्र के लिए रोगाणुओं से खतरा कम हो जाता है। लेकिन यदि हमलावर वायरस और बैक्टीरिया लंबे समय तक निष्क्रिय अवस्था में रहने के बाद सक्रिय हो जाते हैं तो जोखिम बहुत बढ़ जाता है।यह अनुमान लगाने के लिए कि फिर से उभरने वाले रोगाणु आधुनिक पारिस्थितिक तंत्र को कैसे प्रभावित कर सकते हैं, स्ट्रोना और उनकी टीम ने वायरस जैसे रोगाणुओं के विकास का डिजिटल रूप से अनुकरण किया जो बैक्टीरिया जैसे मेजबानों को संक्रमित करने और उन्हें बीमारी पैदा करने में सक्षम थे। इस अनुकरण में डिजिटल रोगाणुओं को वास्तविक दुनिया की तरह संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी। कुछ वायरसों ने बैक्टीरिया जैसे मेजबानों के एक अंश को संक्रमित किया और उन्हें मार डाला, जबकि अन्य बैक्टीरिया मेजबानों ने वायरसों के खिलाफ इम्यूनिटी विकसित कर ली। शोधकर्ताओं ने पाया कि 1 प्रतिशत वायरस हाल ही में विकसित बैक्टीरियाई प्रजातियों को काफी हद तक बाधित कर सकते हैं।इस बीच, वैज्ञानिकों ने बर्फ में जमे हुए 46,000 साल पुराने कीड़ों को फिर से जीवित कर दिया है। वर्ष 2018 में साइबेरियाई पर्माफ्रॉस्ट में खोजे गए ये नन्हे जीव उस समय अस्तित्व में थे, जब ऊनी मैमथ (हाथी) पृथ्वी पर घूम रहे थे। साइबेरियाई पर्माफ्रॉस्ट से खोदे गए पाषाण युग के कीड़ों को निष्क्रिय जीवित अवस्था में 46,000 वर्ष रहने के बाद पुनर्जीवित किया गया। ये कीड़े दरअसल राउंडवर्म हैं। इनकी खोज रूसी वैज्ञानिकों ने 2018 में कोलिमा नदी के पास एक जीवाश्मीकृत गिलहरी के बिल और गहरे हिमनद के जमाव के अंदर की थी।
लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि वे क्या हैं और कितने समय से बर्फ में फंसे हुए थे।अब आनुवंशिक सीक्वेंसिंग (अनुक्रमण) से पता चला है कि नेमाटोड वर्ग के ये राउंडवर्म पूरी तरह से नई प्रजाति से संबद्ध हैं जो पिछले हिमयुग के बाद से सुप्तावस्था में हैं। कीड़ों के समान स्तर पर पाए गए पौधों की सामग्री की रेडियो कार्बन डेटिंग से पता चला है कि जमी हुई सामग्री प्लेस्टोसिन भौगोलिक काल के बाद से पिघली नहीं थी। करीब 25 लाख से 11700 वर्ष पहले तक की अवधि को प्लेस्टोसिन काल कहा जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि ये कीड़े उस समय अस्तित्व में थे जब निएंडरथल मानव, ऊनी मैमथ और कृपाण जैसे दांत वाले बाघ धरती पर विचर रहे थे। इन कीड़ों की लंबाई एक मिलीमीटर से भी कम है। इन जमे कीड़ों को पिघलाया गया और एक पौष्टिक सूप से भरे पेट्री डिश में रख कर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। कुछ हफ्तों तक डिश में रहने के बाद उन्होंने घूमना और खाना शुरू कर दिया। कीड़े कुछ महीनों के भीतर मर गए लेकिन विज्ञानियों ने कहा कि प्रजाति प्रजनन के बाद पुन: उत्पन्न हो गई है और प्रयोगों के दौर से गुजर रही है। जर्मनी के कोलोन विश्वविद्यालय में कृमि प्रयोगशाला के प्रमुख शोधकर्ता डॉ. फिलिप शिफर ने बताया कि आम तौर पर पैनाग्रोलाइमस नेमाटोड कीड़े 20-60 दिन जीवित रहते हैं। उन्होंने कहा कि कीड़ों ने तुरंत प्रजनन शुरू कर दिया और हमारे पास प्रयोगशाला में इन कीड़ों का कल्चर है। इस प्रकार यह प्रजाति जीवित है और हम इन पर प्रयोग कर रहे हैं।
नेमाटोड कीड़े उन जीवों में से एक हैं जो क्रिप्टोबायोसिस नामक सुप्तावस्था अथवा हाइबरनेशन जैसी स्थिति में प्रवेश करके कठोर परिस्थितियों में जीवित रहने में सक्षम होते हैं। 2021 में आर्कटिक में पाए गए बीडेलॉइड रोटिफर्स वर्ग के सूक्ष्म जीवों को 24,000 वर्षों के बाद पुनर्जीवित किया गया था। वैसे वैज्ञानिक 25 करोड़ वर्ष पुराने एकल कोशिका वाले जीवाणुओं और बैक्टीरिया को पुनर्जीवित कर चुके हैं लेकिन ऐसा माना जाता है कि साइबेरियाई पर्माफ्रॉस्ट में मिले नेमाटोड कीड़े अब तक के सबसे पुराने बहुकोशिकीय प्राणी हैं जिन्हें जीवन में वापस लाया गया है। इससे पहले क्रिप्टोबायोसिस अवस्था में रहने वाले नेमाटोड कीड़े का सबसे लंबा ज्ञात रिकॉर्ड आर्कटिक में 25.5 साल का था। जर्मनी के मैक्स प्लैंक इंस्टिट्यूट ऑफ मॉलिक्यूलर सेल बायोलॉजी के प्रो टेमुरास कुर्ज़चालिया ने कहा कि चरम वातावरण में लंबे समय तक जीवित रहना एक बहुत बड़ी चुनौती है जिसका सामना करने में केवल कुछ ही जीव सक्षम हैं। नए निष्कर्ष विकास की प्रक्रियाओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पीढ़ियों का समय दिनों से लेकर सहस्राब्दी तक बढ़ाया जा सकता है।

# देश में खत्म होने के कगार पर खड़ी है जातिवादी राजनीति

चार बार यूपी की रही मुख्यमंत्री , आज राजनीति में उपेक्षित ।
जानिये कैसे बदली राजनीति क़ी हवा ..?




पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**जिस मायावती क़ी कभी तूती बोलती थी आज वहीं मायावती चंद जातिवादी नेताओं द्वारा उपेक्षित है। जातिवाद क़ी राजनीति का इससे भयानक अंत आपने कभी नहीं देखा होगा और अब सपा भी ऐसे ही अंत क़ी और अग्रसर है। उधर 2024 के सामान्य एलेक्शन से पहले मायावती ने इंडियन एलाएंस पर हमला करते हुए उसे दलित विरोधी और स्वार्थ परक गठबंधन करार दिया है। एक प्रेस इंटरव्यू के दौरान मायावती ने कहा कि ऐसे गठबंधन का मतलब होता है आपका अपना कुछ नहीं । इससे पहले भी पूर्व चुनाव में मोदी पर जुमलेबाजी का आरोप लगाते हुए मायावती ने कहा, 'पीएम सबसे बड़े जुमलेबाज हैं। भाजपाईयों का मानना है क़ी प्रदेश में भाजपा के बढ़ते जनाधार से सपा और बसपा दोनों खतरा महसूस कर रही है इसलिये अनर्गल बयानबाजी जारी है। पूर्व मुज्यमंत्री अखिलेश यादव क़ी खीज साफ देखी जा सकती है। उधर मायावती ने सपा पर हमलावर रुख अपनाते हुए कहा, 'मैंने अपना पूरा जीवन दलितों और अल्पसंज्यकों के उत्थान में समर्पित किया है जबकि सपा इन्हें लूट रही थी और अब खुद टूट और खत्म होने के कगार पर खड़ी है।**

क्या मायावती को हल्के में लेना गठबंधन क़ी बड़ी भूल साबित होगी , कितना महंगा पड़ेगा यह उपेक्षा क्या भाजपा भुनायेगी बसपा क़ी बगावत। बसपा सुप्रीमो मायावती इन दिनों यूपी सहित पूरे केंद्र क़ी राजनीति में हाशिये पर खड़ी है। जिस मायावती क़ी कभी तूती बोलती थी आज वहीं मायावती चंद जातिवादी नेताओं द्वारा उपेक्षित है। जातिवाद क़ी राजनीति का इससे भयानक अंत आपने कभी नहीं देखा होगा और अब सपा भी ऐसे ही अंत क़ी और अग्रसर है। उधर 2024 के सामान्य एलेक्शन से पहले मायावती ने इंडियन एलाएंस पर हमला करते हुए उसे दलित विरोधी और स्वार्थ परक गठबंधन करार दिया है। एक प्रेस इंटरव्यू के दौरान मायावती ने कहा कि ऐसे गठबंधन का मतलब होता है आपका अपना कुछ नहीं । इससे पहले भी पूर्व चुनाव में मोदी पर जुमलेबाजी का आरोप लगाते हुए मायावती ने कहा, 'पीएम सबसे बड़े जुमलेबाज हैं। भाजपाईयों का मानना है क़ी प्रदेश में भाजपा के बढ़ते जनाधार से सपा और बसपा दोनों खतरा महसूस कर रही है इसलिये अनर्गल बयानबाजी जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव क़ी खीज साफ देखी जा सकती है। उधर मायावती ने सपा पर हमलावर रुख अपनाते हुए कहा, 'मैंने अपना पूरा जीवन दलितों और अल्पसंख्यकों के उत्थान में समर्पित किया है जबकि सपा इन्हें लूट रही थी और अब खुद टूट और खत्म होने के कगार पर खड़ी है । मायावती ने कहा की 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने असंख्य वायदे किए थे 100 दिनों के अंदर काला धन वापिस लाकर सबको दिए जाएंगे कर्जा माफ किया जाएका, पेट्रोल डीजल की कीमतें नियंत्रित और कम होंगी हुआ क्या ज? ऐसे मुद्दों को इस बार भी भुनाया जा रहा है। 4 वर्ष से अधिक हो चुके हैं दोबरा केंद्र में सरकार बने क्या एक रूपया भी किसी सवर्ण गरीब के खाते में जमा हुआ ..? बीएसपी सुप्रीमो ने अडानी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'केंद्र सरकार ने 10 महीने पहले से ही पार्टी नेताओं, चहेते कारोबारियों का पैसा जमा कराना शुरू कर दिया था। अभी तक नहीं बताया कि कितना काला धन जमा कराया। दाल में थोड़ा नहीं बहुत ही काला है। मिस्टर नेगेटिव दलित मैन ने गोल गोल बातें घुमाई। हमने तो अपने समर्थकों से मिले पैसों को बैंक में जमा कराया। लेकिन बीजेपी एंड कंपनी बड़े बड़े धन्नासेठों से पैसा लेकर चुनाव लड़ते हैं फिर जनता का शोषण करते हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार बनने पर गठबंधन भी , नक्सल और रोहिंग्या अजेंडे के तहत काम करेगी। अभी तक के संकेत के अनुसार बीएसपी अकेले चुनाव लड़ने जा रही है। राजस्थान मध्य प्रदेश और बिहार में हम सरकार बनाने में अहम होंगे , सभी नेताओं के चेहरे लटके हुए है। मायावती ने कहा कि बीजेपी तीन तलाक और कॉमन सिविल कोड किसान बिल को लेकर चुनाव लड़ती है । सपा अब हिन्दू मुश्लिम करके मुसलमानों को बेवकूफ बना रही ,इसके साथ ही माया ने समाजवादी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा 'सपा के भी बुरे दिन आ चुके है , 2023 हारने पर सपा बौखलाई है , सपाई गुंडों को जेल में डाला जना चाहिये । किसी को भी छोड़ा न जाय । मेरी सरकार में गुंडों की असली जगह जेल में थी । जिलों और योजनाओं के नाम बदले गये पर हालत बदतर है। पिछले कार्यकाल की जनकल्याणकारी योजनाएं फिर शुरु हो । राजस्थान में हर तरफ डर असुरक्षा का माहौल है । कॉंग्रेस दो खेमों में बंटी, दोनों एक दूसरे को हराने में जुटे हैं। प्रदेश के मुस्लिम और दलित गहलोत के बहकावे में न आएं।'

## प्राची देसाई का नया गाना 'लफ़्ज़ भीगे हैं' हुआ रिलीज़




निर्माता पारस नाथ द्वारा निर्मित और निर्देशक पराशर बरुआ के द्वारा निर्देशित प्राची देसाई का नया म्यूज़िक वीडियो 'लफ़्ज़ भीगे हैं' रिलीज कर दिया गया है। सुप्रसिद्ध कवि अजय साहब द्वारा लिखित सोलफुल सॉन्ग 'लफ़्ज़ भीगे हैं' को प्रतिभा सिंह बघेल ने अपनी मनमोहक आवाज़ दी है । सुफिस्कोर की इस मंत्रमुग्ध कर देने वाली रिलीज में पांच आधुनिक लेकिन शास्त्रीय रूप से निहित ग़ज़ल गीतों का संग्रह है, जिसका प्रत्येक गाना पॉवर ऑफ इमोशन को एक ट्रिब्यूट है। इस रचना का मूल उस एकतरफा प्यार की कहानी से लिया गया है जो साहित्यिक दिग्गज अमृता प्रीतम और साहिर लुधियानवी के जीवन से जुड़ा हुआ है। एक कहानी जो समय और सीमाओं से परे है, यह प्रेम, अलगाव और सार्वभौमिक मानवीय भावनाओं की कहानी है।
इस म्यूजिक वीडियो में अभिनेता प्राची देसाई और सोम चट्टोपाध्याय नज़र आ रहे हैं। इस गाने को पांडिचेरी और मुंबई के बैकड्रॉप में शूट किया गया है। वीडियो समकालीन कहानी कहने के साथ क्लासिक रोमांस को भी दर्शाता है और भारतीय सिनेमा के सुनहरे युग की फिर से कल्पना करता है। संगीतकार राजेश सिंह की धुनें, हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के 'शाम के रागों' से प्रेरित होकर, उदासी भरी सुंदरता से गूंजती हैं। जटिल लय और सामंजस्यपूर्ण तार प्रत्येक नोट के भीतर गहरी भावनाओं को रेखांकित किया गया है। यह नवीनतम रचना ग़ज़लों में चित्रित दर्द और स्वीकृति के नाजुक संतुलन को दर्शाते हुए, पारंपरिक और पश्चिमी प्रभावों को कलात्मक रूप से जोड़ती हैं।

प्रस्तुति:काली दास पाण्डेय

# आदित्य-एल1 : चांद पर चमत्कार, अब सूर्य नमस्कार है



वैश्विक स्तरपर भारत का आगाज़। इसरो ने ठाना है अब सूर्य को पाना है।इसरो की कमान आदित्य-एल1 की उड़ान। मिशन आदित्य-एल1 डेस्टिनेशन सन, जैसी कई लाइन पूरी दुनिययां में गूंज उठी जब हमारी पृथ्वी से करीब 15 करोड़ किलोमीटर दूर सूर्य की ओर आदित्य-एल1 शनिवार दिनांक 2 सितंबर 2023 को सफ़ल प्रशिक्षण हुआ जिसकी 3 सितंबर 2023 को 11:45 को पहली अर्थबाउंड फायरिंग निश्चित है। हालांकि एल1 पृथ्वी से सूर्य की केवल एक प्रतिशत याने 15 लाख किलोमीटर ही तय कर रहा है लेकिन इसके बावजूद पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं, जलवायु परिवर्तन खगोल विज्ञान के कई रहस्य समझने में मदद देगा, जो पृथ्वी पर रहकर नहीं मिल सकते हैं। चूंकि आदित्य-एल1 का 2 सितंबर 2023 को सुबह सफ़ल प्रक्षेपण हुआ, इसलिए आज हम पीआईबी मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चंद्रयान-3 से चंद्रमा पर चमत्कार अब आदित्य-एल1से सूर्य को नमस्कार।साथियों बात अगर हम आदित्य -एल1 मिशन के फायदों की करें तो,इसरो के मुताबिक, सूर्य हमारे सबसे करीब मौजूद तारा है। यह तारों के अध्ययन में हमारी सबसे ज्यादा मदद कर सकता है। इससे मिली जानकारियां दूसरे तारों, हमारी आकाश गंगा और खगोल विज्ञान के कई रहस्य और नियम समझने में मदद करेंगी। हमारी पृथ्वी से सूर्य करीब 15 करोड़ किमी दूर है। आदित्य-एल1 वैसे तो इस दूरी का महज एक प्रतिशत ही तय कर रहा है, लेकिन इतनी सी दूरी तय करके भी यह सूर्य के बारे में हमें ऐसी कई जानकारियां देगा, जो पृथ्वी से पता करना संभव नहीं होता।प्रक्षेपण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, पहली अर्थबाउंड फायरिंग तीन सितंबर कोपीएसएलवी -सी57 द्वारा आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यान ने उपग्रह को ठीक उसकी इच्छित कक्षा में स्थापित कर दिया है। भारत की पहली सौर वेधशाला ने सूर्य-पृथ्वी रु बिंदु के गंतव्य के लिए अपनी यात्रा शुरू कर दी है। इसरो का कहना है कि आदित्य-एल1 ने बिजली पैदा करना शुरू कर दिया है। सौर पैनल तैनात हैं। पहली अर्थबाउंड फायरिंग तीन सितंबर को लगभग 11:45 बजे निर्धारित है। इस दौरान मिशन अगली कक्षा में प्रवेश करेगा।इसरो के पूर्व अध्यक्षने शनिवार को कहा कि भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के साथ, देश कुछ पूर्वानुमान मॉडल विकसित कर सकता है औरजलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक लचीलापन योजना तैयार कर सकता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न घटनाओं को समझने के लिए सौर सतह का अध्ययन करना बहुत महत्वपूर्ण है जो हमारी स्थानीय मौसम स्थितियों को तुरंत प्रभावित करते हैं। जलवायु परिवर्तन के अध्ययन में सौर विकिरण की दीर्घकालिक परिवर्तनशीलता भी एक बहुत महत्वपूर्ण कारक है। इसलिए, इन सभी क्षेत्रों में, इस अद्वितीय मिशन के माध्यम से मौलिक ज्ञान प्राप्त किया जाएगा।साथियों बात अगर हम माननीय राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति और पीएम द्वारा सफ़ल प्रक्षेपण के लिए बधाई देने की करें तो भारत के प्रथम सौर मिशन, आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी है। पीएम ने एक ट्वीट में कहा;चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा जारी रखी है। भारत के प्रथम सौर मिशन, आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई। संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड की बेहतर समझ विकसित करने के क्रम में निरंतर हमारे वैज्ञानिक प्रयास चलते रहेंगे।साथियों बात अगर हम केंद्रीय अंतरिक्ष मंत्री द्वारा खुशी ज़ाहिर करने की करें तो, उन्होंने कहा, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद आदित्य एल-1 का सफल प्रक्षेपण संपूर्ण विज्ञान और पूरे राष्ट्र के दृष्टिकोण का भी प्रमाण है, जिसे हमने अपनी विश्व संस्कृति में अपनाने की कोशिश की है।उन्होंने आगे कहा, 'इस दृष्टि को अमली जामा पहनाने का श्रेय इसरो को जाता है और देश भर के विज्ञान संस्थान इस दृष्टि को साकार करने में किसी न किसी रूप में- छोटे या बड़े रूप में-अपना योगदान देने के लिए आगे आए हैं। इनमें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, बेंगलुरु, नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेटरीज, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई, एनजीआरआई नागपुर, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी मद्रास, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मुंबई शामिल हैं। उन्होंने कहा, यह दिन, 2 सितंबर 2023, एक हिसाब-किताब का दिन है जब हम अमृतकाल के अगले 25 वर्षों में आगे बढ़ेंगे और भारत माता अपने 140 करोड़ बच्चों की सामूहिक इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयास से विश्व स्तर पर गौरव के स्थान तक पहुंचने और उस पर कब्जा करने का प्रण लेती है।इससे पहले, इसरो ने पुष्टि कर दी थी कि पीएसएलवी-सी57 रॉकेट के जरिए आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इसके साथ, भारत की पहली सौर वेधशाला ने सूर्य-पृथ्वी (लैग्रेंज बिंदु) एल1 के गंतव्य के लिए अपनी यात्रा शुरू कर दी है।इसरो ने कहा कि अपने सौर पैनलों को तैनात करने के साथ, आदित्य-एल1 ने बिजली पैदा करना शुरू कर दिया है। आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है। अगले चार महीनों में विभिन्न कक्षा उत्थान प्रक्रियाओं और क्रूज चरण के माध्यम से, अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में स?थापित किया जाएगा।

किशन सनमुख़दास भावनानी

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।
दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।

-सज़्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:
मो.: 8423454502, 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com

# नगर निगम अधिकारियों ने छात्राओं से राखी बंधवा कर शहर को स्वच्छ बनाने की ली शपथ

## एनजीटी की गाइडलाइन का होगा पालन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर में कूड़ा भरकर डंप ले जा रही गाड़ियों पर कैमरों से नजर रखी जा रही है। बीते दिनों में चार ऐसे ड्राइवरों पर कार्रवाई की गई है जो कूड़े को बिना ढ़के ही ले जा रहे थे। एनजीटी की गाइडलाइन को पूरा करने और कूड़े के सही निस्तारण को लेकर नजर रखी जा रही है। बुधवार को अपर नगर आयुक्त ने नगर निगम में आयोजित स्वच्छता की राखी कार्यक्रम में यह जानकारी दी। इस दौरान नगर निगम अधिकारियों ने स्कूली छात्राओं से राखी बंधवा कर शहर को पूरी तरह स्मार्ट सिटी बनाने की शपथ ली। अपर नगर आयुक्त प्रतिपाल सिंह के नेतृत्व में नगर निगम सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने राखी बंधवाने के साथ ही बच्चों को उपहार भी दिए।अपर नगर आयुक्त प्रतिपाल चौहान ने कहा कि स्वच्छता की राखी कार्यक्रम,एक वादे,एक अपनत्व का प्रतीक है। आज हमारे सभी सफाई कर्मचारी, अधिकारी और नगर निगम कर्मचारी शपथ लेते हैं कि अपने शहर को पूरी तरह से स्मार्ट सिटी बनाने का लक्ष्य पूरा करेंगे। उन्होंने कहा किसी भी शहर के विकास के लिए स्वच्छता, शिक्षा और रोजगार तीनों जरूरी हैं।उन्होंने कहा कि जहां भी गंदगी होती है वहां बीमारी आती है इसलिए जरूरी है कि शहरवासी कूड़ा घर के बाहर न फेंके,नगर निगम की गाड़ियों को दें। हम नगर 90 वार्डों से घर-घर कूड़ा कलेक्शन कर रहे हैं। आने वाले दिनों में हम सभी 110 वार्डों से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने में सफलता हासिल करेंगे। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हमारे सभी अधिकारी, जेएएसओ सुबह 7 बजे अपनी बीट पर जा रहे हैं। उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की मॉनीटरिंग की जा रही है।

# वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर बचाने का संकल्प



कानपुर। पर्यावरण सुरक्षा संस्थान एवं नेचर क्लब द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर बचाने का संकल्प कार्यक्रम सरसैया घाट पर संपन्न हुआ इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ों को बचाने का संकल्प लिया गया है हम सबको अपने जीवन में पेड़ लगाना भी चाहिए और उन्हें बचाना भी चाहिए नमामि गंगे विभाग भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयोजक पर्यावरण सुरक्षा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कृष्णा दीक्षित बड़े जी ने कहा कि विगत 30 वर्षों से लगातार संस्थान वृक्षों को बचाने के लिए रक्षा सूत्र बांधकर संकल्प कार्यक्रम करता है जिससे कि लोगों के अंदर जन जागरण हो सके आज पीपल,नीम, बरगद बेलपत्र नींबू सहित 11 वृक्षों को राखी बांधकर बचाने का संकल्प लिया गया कार्यक्रम का संचालन अभिषेक पांडे ने किया प्रमुख रूप से मार्शल मिश्रा अनिल शर्मा मोहन दिझित विनायक दीक्षित अनंत अमन तिवारी फरहान अतुल गुप्ता अनूप चौधरी सहित प्रमुख कार्यकर्ता गण उपस्थित थे!

# महिला ने बेटे संग तालाब में लगाई छलांग

**बीपीएस न्यूज**

महोबा । यूपी के महोबा स्थित थाना महोबकंठ के परापांतर गांव में रक्षाबंधन पर्व पर मायके आई महिला का पति से फोन पर विवाद हो गया। कहासुनी होने से नाराज महिला ने मासूम बेटे के साथ तालाब में छलांग लगा दी। दोनों की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शवों को तालाब से बाहर निकलवाकर जांच शुरू कर दी है। रक्षाबंधन पर्व पर मां-बेटी की मौत से गांव में मातम का माहौल है।परापांतर गांव निवासी मानिक राजपूत ने अपनी पुत्री पूनम (28) की शादी जनपद हमीरपुर के थाना जरिया के तुन्ना गांव निवासी रंजीत उर्फ राजेंद्र राजपूत के साथ वर्ष 2019 में की थी। दो दिन पहले पूनम अपने मासूम पुत्र उत्कर्ष (02) के साथ रक्षाबंधन पर्व पर भाइयों को राखी बांधने के लिए मायके आई थी। गुरुवार की दोपहर पूनम के मोबाइल में पति का फोन आया। इस दौरान आज ही लेने आने की पति ने बात कही। जिस पर पूनम ने एक, दो दिन बाद आने को कहा। जिससे दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद पूनम अपने मासूम पुत्र के साथ घर से निकल गई और तालाब में छलांग लगा दी। जिससे दोनों की मौत हो गई। शाम तक दोनों के घर वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की। तब रात करीब नौ बजे उनके शव तालाब में बरामद हुए। मृतका के मौसेरे भाई रोहित ने बताया कि मोबाइल पर पति से विवाद होने पर पूनम ने तालाब में कूदकर जान देने की बात कही थी। जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। थानाध्यक्ष महोबकंठ यशवंत सिंह का कहना है कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच कराई जा रही है। जो तहरीर मिलेगी, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



# स्कूटी सवार को बचाने में हाईवे पर टमाटर लदा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलटा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सचेंडी हाईवे पर देर रात चकरपुर मंडी आ रहा टमाटर लदा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक के चालक और खलासी को मामूली चोटे आई हैं जबकि स्कूटी सवार मौके से भाग निकला। ट्रक पलटने से हाईवे पर जाम लगने लगा मौके पर पहुंची पुलिस ने पल्लेदारों की मदद से टमाटर उतरवाकर क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा कर कर हाईवे से किनारे कराया इसके बाद यातायात बहाल हो सका। तमिलनाडु निवासी ट्रक चालक आदी व खलासी कार्तिक बेंगलुरु से टमाटर लादकर चकरपुर मंडी आ रहे थे। सचेंडी हाईवे पर मंगलवार देर रात टमाटर लदा ट्रक पीएसआईटी के पास डिवाइडर से टकराकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी सवार को बचाने के दौरान ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया था। हालांकि ट्रक चालक और खलासी बाल-बाल बच गए और उन्हें मामूली चोटे ही आई। जिन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा। सचेंडी थाना प्रभारी योगेश सिंह ने बताया कि पल्लेदारों को लगाकर हाईवे पर बिखरे और ट्रक में लदे टमाटर उतरवाकर ट्रक को क्रेन की मदद से किनारे करवाकर यातायात बहाल करा दिया गया।

# उजमा सोलंकी ने हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम की



कानपुर, रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सपा महिला प्रदेश सचिव अमर सोलंकी ने हिंदू मुस्लिम एकता को कायम किया! पूरे साल बहनों को एक त्यौहार का इंतजार रहता है अपने भाइयों को राखी के बंधन में बांधकर भाइयों से अपनी रक्षा किया वचन लेती है भाई बहन टूटता अटूट रिश्ता जो ब्रह्मांड से बंद कराया है ईश्वर की इस रिश्ते को निभाने वालों के साथ अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं क्योंकि इस रिश्ते में कोई लालच नहीं केवल बहनों का सच्चा प्यार जो भाई के लिए सदैव रहता है बहन तो 1 दिन पराई होकर चली जाती है लेकिन उसकी आत्मा अपने परिवार अपने भाइयों के लिए सदैव लगी रहती है इसी प्रकरण में मुस्लिम समाज की सपा महिला प्रदेश सचिव उजमा इकबाल सोलंकी ने उजमा इकबाल सोलंकी ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने सभी भाइयों को रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधकर यह कसम ली भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना! उजमा सोलंकी ने रक्षा की डोर पूर्व एमएलसी दिलीप सिंह कल्लू यादव, प्रदीप यादव गोलू कवलजीत सिंह मानू, को बांधी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उजमा इकबाल सोलंकी ने कहा कि धर्म जात से पहले इंसानियत है मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना हिंदी हैं हम वतन हिंदुस्तान हमारा सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा!

# गैस रिसाव से सिलेंडर में धमाका, दीवारें दरकीं...गृहस्थी जलकर राख, आधे घंटे में पाया काबू

**नगर संवाददाता**

उन्नाव। उन्नाव जिले के बांगरमऊ कस्बे में माढ़ापुर मार्ग निवासी ततियापुर के ग्राम प्रधान के घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में रिसाव से आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास में ग्राम प्रधान व उनका बेटा झुलस गए। सूचना के करीब आधे घंटे बाद पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। नायब तहसीलदार ने घटना की जांच की।बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत ततियापुर के प्रधान मनीराम यादव कस्बे में माढ़ापुर मार्ग पर रहते हैं। उनकी पत्नी शर्मिला यादव बांगरमऊ ब्लाक के ही कुंडा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं। गुरुवार दोपहर शर्मिला पहली मंजिल पर रसोई में खाना बना रही थीं। इसी दौरान गैस सिलेंडर खत्म हो गया।दूसरा सिलेंडर लगाने के बाद गैस जलाते ही आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास में मनीराम उनका बेटा अरिहंत भी झुलस गए। आग विकराल होती देखकर मनीराम, पत्नी शर्मिला, बेटी मानवी और बेटे अरिहंत को लेकर घर से बाहर आ गए। फोन पर सूचना देने के बाद भी दमकल नहीं पहुंची।इसी दौरान सिलेंडर में विस्फोट होने से कई मकानों की दीवारें दरक गईं। रसोई की ग्रिल टूटकर रास्ते में गिरी तो उसकी चपेट में आकर मिठाई खरीदने दुकान जा रहे अलमपुर रेतवा ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान चंद्रशेखर और उनका बेटा अंकित चपेट में आकर चुटहिल हो गए।दमकल न पहुंचने पर अरिहंत भाग कर फायर स्टेशन पहुंचा और घटना की जानकारी दी।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा के वर्षिक चुनाव 2023-2024 की जिम्मेदारी नई समिति को सौंपी गई




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। चुनाव समिति के नए चेयरमैन डॉ अवध दुबे एवं सचिव डॉक्टर ए.सी. अग्रवाल और अन्य मेंबर डॉ. आर.पी.एस. भारद्वाज, डॉ राकेश चंद्रा डॉ. योगेश टंडन को चुना गया है। आईएमए की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से इनको चुना गया।इस संबंध में आज दिनांक 31 अगस्त 2023 दिन गुरुवार को साथ 3-00 बजे एक पत्रकार वार्ता का आयोजन आईएमए भवन,परेड कानपुर के सेमिनार हाल में किया गया। इस पत्रकार वार्ता को आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ. पंकज गुलाटी चुनाव समिति के नए चेयरमैन डॉ अवध दुबे एवं सचिव डॉक्टर ए.सी. अग्रवाल, डॉ. आर.पी.एस. भारद्वाज, डॉ राकेश चंद्रा डॉ. योगेश टंडन सदस्य चुनाव समिति एवम डॉ अमित सिंह गौर सचिव आईएमए कानपुर ने संबोधित किया।आई0एम0ए0 कानपुर के अध्यक्ष डा0 पंकज गुलाटी ने आये हुए सभी पत्रकार बंधुओं एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बंधुओं का स्वागत करते हुए बताया की आईएमए कानपुर के 2023 2024 के चुनाव के संबंध में इस पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया है। इस संबंध में से चुनाव समिति विस्तार से चुनाव कार्यक्रम को बताएगी।

चेयरमैन डॉक्टर अवध दुबे ने बताया की पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी चुनाव श्वङ्करूद्वारा कराए जाएंगे तथा रिजल्ट 7 घंटे में निकल जाएगा। श्वङ्करू द्वारा चुनाव करवाने में कानपुर शाखा भारत की आईएमए की पहली शाखा है। वर्तमान चुनाव समिति ने सद्भावना और पारिवारिक माहौल में चुनाव कराने का संकल्प लिया है। जारी किए गए पहचान पत्रों के बिना मतदान संभव नहीं हो सकेगा।सोशल मीडिया के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया का प्रयोग नही कर सकता, अगर कोई भी कैंडिडेट एवम उसका सुपोर्टर भी प्रयोग करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# आईआईटी ने तैयार की विशेष कोटिंग, कम होगा इलेक्ट्रोमैग्नेटिक प्रदूषण

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर । इलेक्ट्रोमैग्नेटिक प्रदूषण को कम करने के लिए आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने विशेष कोटिंग तैयार की है। इस कोटिंग का इस्तेमाल माइक्रोवेव या खिड़की के शीशे पर किया जा सकता है। इसकी मदद से 90 फीसदी से अधिक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगों को अवशोषित किया जा सकता है। इस तकनीक का सबसे अधिक फायदा चिकित्सा व रक्षा क्षेत्र के अलावा वाणिज्यिक भवनों को होगा।

संस्थान को तकनीक का पेटेंट भी मिल गया है। आईआईटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की वरिष्ठ शोधार्थी डॉ. काजल चौधरी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रो. जे रामकुमार, भौतिकी विभाग के प्रो. एस अनंतरामकृष्ण, सामग्री इंजीनियरिंग आईआईएससी बंगलूरू के प्रो. प्रवीण सी राममूर्ति व कानपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रो. कुमार वैभव श्रीवास्तव की देखरेख में शोध किया गया है। वैज्ञानिकों ने बताया कि अभी तक इंडियन टिन ऑक्साइड से तैयार पॉलीइथाइलीन शीट्स का इस्तेमाल हो रहा है, जिसका परिणाम बेहतर नहीं है। आईआईटी के निदेशक प्रो. अभय करंदीकर ने कहा कि इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें वातावरण को प्रदूषित कर रही हैं। यह तकनीक पर्यावरण को प्रदूषण से सुरक्षित रखेगी। प्रो. कुमार वैभव ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व संचार प्रणालियों से पर्यावरण में निरंतर विद्युत चुंबकीय विकिरण तेजी से निकल रही हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं।

# श्याम बिहारी मिश्र चौक से हटी बैरिकेडिंग

- कलक्टरगंज एसीपी को भी ज्ञापन सौंपा
- वाहनों के यू-टर्न लेने की व्यवस्था
- चौक पर यातायात फिर से शुरू
- थाने के सामने वाला कट किया जाएगा बंद



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। व्यापार मंडल और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद के सम्मान, व्यापार चौपट होने समेत तमाम समस्याओं का हवाला देकर विरोध दर्ज कराया। बुधवार को व्यापारियों ने इस संबंध में कलक्टरगंज एसीपी निशंक शर्मा को भी ज्ञापन सौंपा।कानपुर में मूलगंज चौराहे से घंटाघर के बीच बंद किए गए कट व चौराहों के मामले में व्यापारियों के विरोध के चलते 48 घंटे में ही यातायात पुलिस बैकफुट पर आ गई। पुलिस ने दोपहर बाद बैरिकेडिंग लगाकर बंद किए गए श्याम बिहारी मिश्र चौक को खोल दिया है। वहीं, कलक्टरगंज थाने के सामने खोले गए कट को बंद करने पर अधिकारियों की सहमति बनी है।घंटाघर से मूलगंज चौराहे के बीच 50 से 100 मीटर की दूरी पर कई कट थे। वाहनों के इन कटों से अचानक दाएं, बाएं मुड़ने से जाम की समस्या रहती थी। इसे लेकर यातायात विभाग ने एक निजी संस्था से इस रूट का सर्वे करवाया। सर्वे में पता चला कि मूलगंज से घंटाघर के बीच 15 से 17 अनावश्यक कट हैं। इस पर डीसीपी ट्रैफिक ने इन सभी कटों को बंद करने के निर्देश दिए थे। स्थायी रूप से इन कटों को बंद करने के लिए डिवाइडर का निर्माण करा दिया गया। हालांकि, इनमें से चार कटों को खुला छोड़ा गया, जहां से वाहनों के यू-टर्न लेने की व्यवस्था की गई थी। कलक्टरगंज थाने के पास पूर्व सांसद स्व. श्याम बिहारी मिश्र के नाम से चौक का नाम रखा गया था, जिसे भी सोमवार को बंद कर दिया गया था। इसका व्यापारियों ने विरोध किया था।वहीं, चौराहे से करीब 50-50 मीटर की दूरी पर दोनों तरफ कट खोल दिया गया था। लेकिन कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद के सम्मान, व्यापार चौपट होने समेत तमाम समस्याओं का हवाला देकर विरोध दर्ज कराया। बुधवार को व्यापारियों ने इस संबंध में कलक्टरगंज एसीपी निशंक शर्मा को भी ज्ञापन सौंपा।एसीपी ने आलाधिकारियों से चर्चा करने के बाद दोपहर बाद चौराहे से बैरिकेडिंग हटवा दी। चौक पर यातायात फिर से शुरू होने के बाद व्यापारियों ने हर्ष जताया। इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री ज्ञानेश मिश्र, कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री पवन गुप्ता, आशीष मिश्रा, संजीव राठौर, पवन अग्रवाल आदि व्यापारियों ने विरोध दर्ज कराया था।

# दरोगा की हरकत ने फंदे तक पहुंचाया, चौकी में दोस्त से लगवाए थप्पड़, मां ने पुलिस कमिश्नर से की शिकायत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। चकेरी लाल बंगला में स्कूटी सवार दो युवक को जेब्रा सिपाहियों ने रोका और गाड़ी के कागज मांगने लगे। आरोप है कि कागज दिखाने के बाद भी सिपाहयों ने युवक से अभद्रता की। फिर पुलिस चौकी ले गए। जहां पर दरोगा ने पीड़ित को दोस्त से चार थप्पड़ मरवा दिए। घटना से आहत पीड़ित ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस पर परिजनों ने युवक को रोका और घटना की जानकारी की।



फिर पीड़ित ने अपनी मां के साथ पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। चकेरी लाल बंगला निवासी अमरप्रीत कौर ने बताया कि उनका चूड़ियों का कारोबार है। जिसके चलते वह ज्यादातर फिरोजाबाद में रहती है। उनका बड़ा बेटा दिलजोत सिंह (18) लाल बंगला में अपनी बुआ मनप्रीत कौर के घर पर रहता है। वह बर्रा-8 स्थित अपनी चूड़ियों की दुकान को देख रहा है। अमरप्रीत ने बताया कि 26 अगस्त की रात दिलजोत दुकान से घर लौटने के बाद स्कूटी से अपने दोस्त के साथ सिद्धनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहा था। तभी बाजार में बाइक सवार जेब्रा सिपाहियों ने उसे रोका। फिर स्कूटी के कागजात दिखाने को कहा। अमरप्रीत ने बताया कि बेटे के साथ सभी कागज होने के बाद भी सिपाही उससे अभद्रता करने लगे। विरोध पर एक सिपाही ने उसे थप्पड़ जड़ दिया और फिर बेटे समेत उसके दोस्त को चकेरी चौकी लेकर गए। जहां पर दरोगा ने भी दिलजोत से अभद्रता की। इस पर दिलजोत ने अपनी मां को फोन कर घटना की जानकारी दी। फिर दरोगा से बात कराई ।

तो दरोगा ने उनसे भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा कि मैं भी फिरोजाबाद का रहने वाला हूं। तुमको देख लूंगा। इसके बाद दरोगा ने फोन काट दिया। फिर दिलजोत को उसके दोस्त से चार थप्पड़ मरवाये। इस घटना ने दिलजोत मानसिक तनाव में आ गया। इसके बाद घर पहुंचने पर उसने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

इस पर दिलजोत की फुफेरी बहन ने देखा, तो शोर मचाया। इस पर परिजनों ने उसे बचाया। फिर काफी पूछने पर दिलजोत ने पूरी घटना बताई। इसके बाद दिलजोत अपनी मां के साथ पुलिस कमिश्नर डॉ आरके स्वर्णकार से शिकायत करने पहुंचे। पुलिस कमिश्नर ने कार्रवाई का तो आश्वासन दिया। लेकिन , मामले में एसीपी चकेरी अमरनाथ यादव का कहना है कि घटना शिवगोदावरी चौकी क्षेत्र की है। वो एसीपी कैंट के क्षेत्र में आती है। वहीं , एसीपी कैंट बृजनारायण सिंह ने इस प्रकार की घटना की जानकारी से इनकार किया। जबकि , पीड़ित की मां चकेरी चौकी की घटना होने की बात कह रही हैं।

# पुलिस कमिश्नर और चालकों-परिचालकों को बांधी राखी

## पदाधिकारी बोलीं- अपनी ड्यूटी खुशी-खुशी निभा सकें



बीपीएस न्यूज

कानपुर। समिति की प्रदेश सचिव मंजू पांडे के नेतृत्व में महिला पदाधिकारियों ने पर्व मनाया। इस दौरान चालकों-परिचालकों के साथ-साथ बस अड्डे पर काम करने वाले सफाई योद्धाओं, सुरक्षाकर्मियों को भी राखी बांधी गई।कानपुर शहर यात्री जन कल्याण समिति की महिला पदाधिकारियों ने अनोखे तरीके से रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इसमें शहर की सुरक्षा की कमान संभालने वाले पुलिस कमिश्नर आरके स्वर्णकार और बहनों को भाइयों के घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले बस चालकों- परिचालकों को राखी बांधी गई।

प्रदेश सरकार द्वारा रक्षाबंधन पर बहनों को आने-जाने के लिए मुफ्त बस यात्रा का तोहफा दिया गया है। बहनों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बस चालक और परिचालक निभा रहे हैं। रक्षाबंधन के पर्व पर अपनी ड्यूटी निभा रहे इन चालकों-परिचालकों को अपनी बहन से राखी न बंधवा पाने के दर्द का एहसास ना हो।

साथ ही, वह भी रक्षाबंधन का पर्व मनाकर खुशी-खुशी अपनी ड्यूटी निभा सकें। इसी उद्देश्य के चलते यात्री जन कल्याण समिति द्वारा रक्षाबंधन पर्व पर गुरुवार को झकरकटी बस अड्डे पर रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति की प्रदेश सचिव मंजू पांडे के नेतृत्व में महिला पदाधिकारियों ने पर्व मनाया।

सुरक्षा और स्वच्छता में तत्पर हैं।इस दौरान चालकों-परिचालकों के साथ-साथ बस अड्डे पर काम करने वाले सफाई योद्धाओं, सुरक्षाकर्मियों को भी राखी बांधी। शहर व यात्रियों की सुरक्षा में तत्पर रहने वाले एसीपी बृज नारायण सिंह, एसीपी थाना प्रभारी बाबूपुरवा अनूप सिंह, थाना प्रभारी जूही जितेंद्र सिंह तथा रोडवेज के आरएम लव कुमार, केके सिंह को भी राखी बांधी।

# सेवानिवृत्ति पर ओईएफ के पूर्व प्रभारी अधिकारी को दी शुभकामनाएं



बीपीएस न्यूज

कानपुर। आयुध निर्माणी संगठन को कई वर्षों तक अपनी सेवा और अनुभव का लाभ देने वाले ओईएफ कानपुर के पूर्व प्रभारी अधिकारी वी. के. चौधरी गुरुवार को रक्षाबंधन के दिन आयुध वस्त्र निर्माणी अवाडी तमिलनाडु से सेवानिवृत्त हो गए। पिछले वर्ष अगस्त माह में ही उनका तबादला आयुध वस्त्र निर्माणी अवाडी तमिलनाडु कर दिया गया था। वी. के. चौधरी ने बतौर सहायक कार्यप्रबंधक आईओएफएस अधिकारी के रूप में 14 सितंबर 1992 को राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन अकादमी अंबाझारी नागपुर में ज्वाइनिंग लेते हुए आयुध निर्माणी संगठन में अपनी पारी की शुरुआत करी थी। जहां से वे कई आयुध फैक्ट्रियों में कार्यरत रहते हुए अपर महाप्रबंधक के पद तक प्रमोशन पाकर गुरुवार 31 अगस्त को रिटायर हो गए। उनका कार्यकाल बहुत ही शानदार और अविस्मरणीय रहा। श्री चौधरी बहुत ही सरल, मृदुभाषी और सौम्य स्वभाव के अधिकारी हैं।

जिस कारण वे कर्मचारियों के बीच अपनी एक अलग पहचान रखते थे। उनके रिटायर होने के बाद आयुध निर्माणी संगठन में उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने श्री चौधरी के विशाल व्यक्तित्व के चलते उन्हें महान बताया। वे मूलतः हरियाणा के रोहतक के रहने वाले हैं। कानपुर में उनकी पहली पोस्टिंग आयुध पैराशूट फैक्ट्री में सात जनवरी 1994 को हुई थीं। आयुध उपस्कर निर्माणी फूलबाग कानपुर में श्री चौधरी संयुक्त महाप्रबंधक से लेकर प्रभारी अधिकारी तक रहे। सौम्य और मृदुभाषी स्वभाव के चलते वे ओईएफ कानपुर में काफी जनप्रिय अधिकारी के रूप में आज भी जाने जाते हैं।उनकी सेवानिवृत्ति पर आयुध उपस्कर निर्माणी फूलबाग कानपुर की किला मजदूर यूनियन के अध्यक्ष सिद्धनाथ तिवारी, पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश अग्निहोत्री, पूर्व कोषाध्यक्ष अब्दुल सलीम, जेसीएम चतुर्थ सदस्य महेंद्र नाथ, संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष रोहित तिवारी, दिनेश पांडेय सहित किला मजदूर यूनियन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके रिटायरमेंट पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सदैव स्वस्थ, दीर्घायु होने के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना करी।

# मण्डलायुक्त ने मेट्रो कार्यों का निरीक्षण कर, की समीक्षा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मैट्रों के कार्यो की समीक्षा/स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बार्ड, पर्यावरण अभियन्ता व परियोजना निदेशक मैट्रो पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। सर्वप्रथम चुन्नीगंज एवं लाल इमली चौराहे पर स्थित मैट्रो द्वारा मैट्रो स्टेशन निर्माण हेतु कराये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें मण्डलायुक्त ने परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि यार्ड में जो धूल है, उसे साफ किया जाये तथा टायरों से भी जो धूल आती है, उसे भी धुलाई करके साफ किया जाये। जिससे यहाॅ पर पर्यावरण के दृष्टिगत धूल न उड़ने पाये और प्रतिदिन पानी छिड़काव यहाॅ पर किया जाये।

साथ ही क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि यदि आदेश का अनुपालन मैट्रो द्वारा सुनिश्चित न किया जाये, तो इनको नोटिस आदि की कार्यवाही की जाये। नवीन मार्केट में भी इसी प्रकार की कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ-साथ मैट्रो यार्ड के बाद व नवीन मार्केट के बाहर आवागमन के दृष्टिगत पानी का छिड़काव प्रतिदिन किया जाये। पनचक्की चौराहा से जुहारी देवी स्कूल के बीच में जो मैट्रो यार्ड के अन्दर जो कार्य हो रहा है, उसे ग्रीन ब्यू कॅटर से कवर किया जाये और बाहर जो डस्ट है, उसकी सफाई करते हुए प्रतिदिन पानी का छिड़काव किया जाये।एलआईसी चौराहा के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया गया कि एलआईसी और फूलबॉग के बीच में जो मेट्रो द्वारा गणेश उद्यान की ओर जो सड़क कवर की गयी है एवं इसका उपयोग भी मैट्रो द्वारा नही किया जा रहा है, उसे तत्काल खाली कराया जाये, जिससे आवागमन सुगम हो सके और इस पर पार्किंग भी की जा सके। परियोजना निदेशक मैट्रो द्वारा इस पर अपनी सहमति देते हुए जल्द से जल्द इस मार्ग को खोलने हेतु कहा गया।एलआईसी से नरौना के बीच में भी जो कार्य चल रहे है, उन्हे तत्काल खत्म किया जाये तथा इसे भी यातायात हेतु खोल दिया जाये। इस पर भी सहमति देते हुए जल्द से जल्द से इस मार्ग को खोलने हेतु आश्वस्त किया गया।



# शिवराजपुर में चालू हो जाएगा टोल प्लाजा,दिल्ली तक सफर होगा महंगा

कानपुर। कानपुर में जीटी रोड पर शहर से कन्नौज के बीच पहली बार दो सितंबर से सफर महंगा हो जाएगा। छह लेन के इस चमाचम राजमार्ग पर सुबह आठ बजे से टोल टैक्स लगने लगेगा। इसके लिए शिवराजपुर में बने टोल प्लाजा बनाया है। एनएचएआई बोर्ड लगाने के साथ ही तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की तुलना में इस रूट से दिल्ली की दूरी कम है, जेब भी तुलनात्मक रूप से कम ढीली करनी पड़ेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने रामा मेडिकल कॉलेज रेलवे क्रॉसिंग, मंधना से कन्नौज तक जीटी रोड चौड़ा करते हुए छह लेन करने का कार्य पूरा कर लिया है।इस रेलवे क्रॉसिंग से आईआईटी के बीच एलिवेटेड फ्लाईओवर में 30-30 मीटर के तीन स्पेन का निर्माण शेष है। वह भी सितंबर में पूरा करने और अक्टूबर में इसे भी वाहनों के आवागमन के लिए खोलने की योजना बनाई गई है। यहां से कन्नौज तक 60 किलोमीटर लंबे रूट के अंतर्गत शिवराजपुर में टोल प्लाजा बनाया गया है।इसमें सीसीटीवी कैमरे, कंप्यूटर, कंट्रोल रूम, बोर्ड आदि लगाए जा रहे हैं। चार पहिया वाहनों के लिए एक तरफ का सफर (सिंगल जर्नी) के लिए 95 रुपये टोल टैक्स लगेगा, जबकि 24 घंटे में ही वापसी करने (डबल जर्नी) करने पर 140 रुपये टोल टैक्स लिया जाएगा।

# जमीन के विवाद में बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या

कानपुर। कानपुर देहात में शिवली कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गांव में जमीन के विवाद में बड़े भाई शैलेंद्र गौतम की मझले भाई शशिकांत से कहासुनी हो गई। गुरुवार देर रात खेत पर शैलेंद्र ने सब्बल मार कर शशिकांत की हत्या कर दी। मृतक बोलेरो ड्राइवर था। अनहोनी पर पत्नी व अन्य परिवारीजन रोने बिलखने लगे।अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल की। थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, मैथा चौकी के बेहटा गांव में रामपाल के पास आठ बीघा खेतिहर भूमि है। शशिकांत गौतम (30) दो बीघा जमीन मांग रहा था। इसको लेकर गुरुवार को दोनों में विवाद हुआ।बड़ा भाई शैलेंद्र सब्बल लेकर शशिकांत को मारने दौड़ा, तो वह बचने के लिए खेतों की तरफ भागा। खेत में बंधे तार से पैर फंस गया, तो वह गिर गया। इसी दौरान शैलेंद्र ने ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया और भाग निकला। इधर परिजन मौके पर पहुंचे और रोने लगे। हत्या की सूचना पर कोतवाली शिवली, मैथा चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया। रात में ही मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने परिजनों से जानकारी ली। इंस्पेक्टर एसएन सिंह ने बताया कि भाइयों के बीच पिता की खेती को लेकर विवाद था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# घर-घर सर्वे में एकत्र फार्मो का ऑनलाइन फीडिंगकार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



कानपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 द्वारा शुक्रवार को अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय, चतुर्थ एवं सप्तम के कार्यालयों में चल रहे निर्वाचन कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे के दौरान एकत्र किए गए फार्म 6, 7, 8 इत्यादि की ऑनलाइन फीडिंग आदि के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अपर नगर मजिस्ट्रेट/सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित कराएं कि बीएलओ के माध्यम से प्राप्त फार्मों की जल्द से जल्द पोर्टल पर फीडिंग कराई जाए।समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया कि बीएलओ के माध्यम से प्राप्त फार्मों एवं अन्य सामग्री को सुव्यवस्थित तरीके से रखकर फीडिंग कार्य की प्रतिदिन स्वयं मॉनिटरिंग करें।निरीक्षण के दौरान द्वारा जिलाधिकारी द्वारा रेंडम आधार पर फार्म का सत्यापन किया गया जिसमें फार्म सही भरा पाया गया। समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि बीएलओ को पुनरू निर्देशित किया जाए ।

# युवा मतदाताओं का पुनरीक्षण कर उनके फार्म भरवाए

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर घर -घर सर्वे में इकट्ठा फार्मों की ऑनलाइन फीडिंग का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने फार्मों को देखा तो वह सही मिले। कहा कि बीएलओ के माध्यम से लिए गए फार्मों की जल्द से जल्द पोर्टल पर फीडिंग कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवा मतदाताओं का पुनरीक्षण कर उनके फार्म भरवाए जाएं। महिला मतदाताओं के नाम ज्यादा से ज्यादा बड़वाऐं। नए मतदाताओं की लिस्ट अलग से बनाई जाए।

# चोट की सफल सर्जरी, बचाया गया मरीज का पैर

बीपीएस न्यूज

कानपुर। रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने सफल सर्जरी से मरीज के दायें पैर को बचा लिया है। इस मरीज को दायीं ओर की बाहरी इलियाक आर्टरी में चोट लगी थी। इस चोट की वजह किसी अन्य अस्पताल में पहले हो चुकी सर्जरी थी। दरअसल, वहां एपेंडिक्स को निकालने के लिए किए गए सर्जिकल ऑपरेशन एपेंडिसेक्टॉमी के दौरान यह चोट लगी थी। रीजेंसी हॉस्पिटल, कानपुर में कार्डियो थोरैसिक एंड वैस्कुलर सर्जन डॉ. सुमित नारंग के नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम ने मरीज का सफल ऑपरेशन किया। इलियाक आर्टरीज ऐसी ब्लड वेसेल्स होती हैं, जो पैर, पेल्विस, प्रजनन अंगों और पेल्विक क्षेत्र के अन्य अंगों को रक्त की आपूर्ति करती हैं। पेल्विस, धड़ का निचला हिस्सा है, जो हिप्स पर पैरों के जुड़ने के स्थान से एकदम ऊपर होता है। मरीज का एपेंडिसेक्टॉमी ऑपरेशन किसी अन्य अस्पताल में किया गया था। वहां इस ऑपरेशन के 4.5 घंटे बाद दायीं बाहरी इलियाक आर्टरी में चोट का पता चला। उसे निचले अंग में गंभीर इस्केमिया की समस्या थी। तुरंत की गई सीटी एजिंयोग्राफी में दायीं बाहरी इलियाक और प्रोक्सिमल कॉमन फीमोरल आर्टरी का 8 सेमी. लंबाई का हिस्सा दिखाई नहीं दिया। इस्केमिया ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर के किसी हिस्से में खून का बहना (और इसलिए ऑक्सीजन भी) बंद या कम हो जाता है। मरीज को तुरंत ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया। वहां इंट्राऑपरेटिव जांच में पता चला कि बाहरी इलियाक आर्टरी में खून के थक्कों से रुकावट और चोट लगी हुई थी, जिसकी विक्रिल टांके से मरम्मत करने का प्रयास किया गया था। आर्टरी में चोट की मरम्मत ईपीटीएफई ग्राफ्ट का प्रयोग करके की गई थी। इस प्रक्रिया के दौरान, पास और दूर के, दोनों सिरों से थक्का निकाला गया और दोनों सिरों पर संबंधित हिस्से को स्वस्थ हिस्से तक हटा दिया गया। दायीं बाहरी इलियाक आर्टरी की मरम्मत के लिए ईपीटीएफई इंटरपोजिशन ग्राफ्ट का प्रयोग किया गया। इसके तुरंत बाद पल्स लौट आई और निचले अंग की गति सामान्य हो गई ।



# लापता इंटर के छात्र का शव पांडु नदी में उतराता मिला,हत्या का आरोप

## करोड़ों की प्रॉपर्टी के लिए ताऊ पर लगाया हत्या का आरोप

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर गुजैनी थाना क्षेत्र से लापता इंटर के छात्र का शव बिधनू के पांडु नदी में उतराता मिला। परिवार के लोगों ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचकर शिनाख्त की। परिजनों ने मृतक छात्र के ताऊ पर ही करोड़ों की प्रॉपर्टी हड़पने को लेकर हत्या करने का आरोप लगाया है। गुजैनी थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।जरौली फेस-2 में रहने वाले रिटायर सैन्य कर्मी जय स्वरूप पांडेय का बेटा रमन (17) इंटर का छात्र था। छात्र की मां सुधा ने बताया कि 28 अगस्त को रमन डिनर करने के बाद घर के बाहर टहलने निकला था, लेकिन इसके बाद लौटकर नहीं आया। देर रात तक घर नहीं लौटने पर सभी नजदीकियों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद गुजैनी थाने में रमन की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

गुरुवार शाम को बिधनू थाना क्षेत्र स्थित पांडु नदी में एक युवक का शव मिला था। जानकारी मिलने पर शुक्रवार सुबह परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। शव की शिनाख्त अपने बेटे रमन के रूप में की है। मृतक छात्र के पिता जय स्वरूप और मां सुधा ने आरोप लगाया कि ताऊ रामस्वरूप ने करोड़ों की संपत्ति के लिए मर्डर करके शव को पांडु नदी में फिंकवाया है। परिवार के आरोप के आधार पर गुजैनी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर गुजैनी एसओ का कहना है कि पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत का कारण साफ हो सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।एसीपी नौबस्ता ने बताया कि परिवार के आरोप के आधार पर ताऊ समेत अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा करके आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# धान फसल में समसामयिक रोगों का करें प्रबंधन: डा. अजय

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह द्वारा जारी निर्देश के क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के प्रभारी एवं फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस समय के मौसम में धान की फसल में कई रोग आते हैं। जिनके कारण धान की फसल का उत्पादन प्रभावित होता है। डॉ सिंह ने बताया कि इस वातावरण के उतार-चढ़ाव के कारण धान की फसल में लीफ ब्लास्ट, कालर ब्लास्ट, नोड ब्लास्ट, नेक ब्लास्ट, शीत ब्लाइट एवं बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट जैसी गंभीर रोगों के आने की संभावना ज्यादा रहती है। उन्होंने बताया कि इन रोगों के आ जाने से पत्तियों, तनो, गांठों एवं धान के दानों में काला रंग पड़ जाता है जिससे पौधों का पूरा हरा भाग काला सा दिखने लगता है। अपितु धान में दाने भी नहीं बन पाते है। डॉ सिंह ने बताया कि इन रोगों के नियंत्रण के लिए किसान भाई इस वर्षा के समय नत्रजन धारी उर्वरकों का प्रयोग अधिक ना करें। तथा पोटेशियम उर्वरक की मात्रा सामान्य मात्रा से थोड़ा अधिक बढ़ाकर प्रयोग करें तथा घने पौधों को बाहर निकाल दें यदि रोग नियंत्रण में ना हो तो किसी भी कवकनाशी दवा जैसे कम्पैनियन मिक्चर या कंबोसेफ मिक्चर का 1.5 मिलीलीटर मात्रा 1 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव कर दें। रोग की अधिकता होने पर 8 से 10 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करते रहें डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि किसान भाई अपने धान की फसलों की निगरानी करते रहें ।

# युवक ने पेड़ पर लगाई फांसी, शराब पीने को लेकर पत्नी से हुआ था विवाद



बीपीएस न्यूज

घाटमपुर । साढ़ थाना क्षेत्र के हाजीपुर कदीम के मजरा चंदापुर निवासी रामनिषाद नशे की हालत में घर पहुंचने से पत्नी से विवाद हो गया विवाद के पत्नी गांव स्थित दूसरे मकान चली गई पत्नी वापस लौटी तो रामनिषाद का शव नीम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटकता मिला सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया, रामनिषाद मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह घर पर शराब पीकर पहुंचा तो पत्नी ने शराब पीने से उसे मना किया, जिसको लेकर दोनो के बीच कहासुनी के बाद विवाद हो गया। जिसके बाद पत्नी गांव में बने दूसरे घर पर चली गई। जब पत्नी वापस घर लौटी तो युवक का शव घर के बहार स्थित नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता मिला है। परिजनो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने पंचनामा करने के बाद युवक के शव को परिजनो को सौप दिया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल की है। साढ़ थानाध्यक्ष सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि पंचनामा करके युवक का शव परिजनों को सौप दिया है।

# पुलिस ने दो वांछित आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल



घाटमपुर । एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला द्वारा अपराध रोकथाम व अपराधियों विरुद्ध के लिए चलाए जा विशेष अभियान के तहत सजेती थानाध्यक्ष राजेश कुमार द्वारा गठित टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे दो वांछित वारंटी राजबहादुर पुत्र ओमपाल 42 निवासी गांव मढ़ा एसएसटी न.95/13, कोट सं.04, अ. सं.294/9, धरा 138 विद्युत अधि. दशरथ पुत्र घसीटे 65 निवासी गांव गुरैयनपुर मु. न.1752/12, जे एम कोर्ट घाटमपुर, अ. सं.193/2001, धारा 379, जल संरक्षण अधि. उपरोक्त दोनों एन डब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

# समाचार पत्र वितरक के घर लाखों की चोरी पुलिस जांच में जुटी

घाटमपुर ।कोतवाली क्षेत्र के इटर्रा गांव निवासी समाचार पत्र वितरक के घर में चोरों ने ताला तोड़कर लाखों की चोरी का अंजाम दिया है। पत्र वितरक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के इटर्रा गांव निवासी राजेंद्र बाजपेई के बेटे टिंकू बाजपेई ने घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार सुबह उनके भाई सतीश घाटमपुर नगर स्थित बेकरी शॉप की दुकान खोलने चले आए थे। घर की महिलाए रक्षा बंधन के पर्व की वजह से भाइयों को राखी बांधने गई थी। दोपहर में उनके भाई सतीश घर पर खाना खाने पहुंचे तो उन्हें घर का मेन गेट खुला दिखाई दिया। जब वह घर के अंदर पहुंचे तो उन्हे कमरे के अंदर रखी अलमारी का लोक तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन प्रयास विफल रहा टिंकू बाजपेई ने बताया कि घर पर समाचार पत्रों के ऑफिस पैसे जमा करने जाना था। लगभग एक लाख पचास हजार रुपए रखे थे। जिसे चोर चोरी कर ले गए है।

# सूरज से नजरें मिलाने रवाना हुआ आदित्य एल 1, रोज 1,440 फोटो भेजेगा



अंतरिक्ष की दुनिया में आज का दिन ऐतिहासिक हो गया है। चांद के साउथ पोल पर लैंडिंग के बाद आज इसरो का सूर्ययान आदित्य रु1 सूरज के रहस्यों की खोज के लिए रवाना हो गया। मतलब ये है कि हमारा तिरंगा चांद के बाद सूरज के सफर पर निकल चुका है। आज सुबह 11ः50 मिनट पर देश का पहला सोलर मिशन आदित्य रु 1 आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। यह पहली भारतीय अंतरिक्ष आधारित ऑब्जर्वेटरी (वेधशाला) होगी। अभी तक हम सूरज की स्टडी धरती पर लगाई दूरबीनों से कर रहे हैं। ये दूरबीनें कोडईकनाल या नैनीताल के क्र ढ्ढश्वस् जैसी जगहों पर लगी हैं, लेकिन हमारे पास स्पेस में टेलीस्कोप नहीं हैं। धरती की दूरबीन से हम सूरज की दिख रही सतह ही देख पाते हैं, सूरज का ऐटमॉस्फियर नहीं दिखता, जो धरती के वातावरण से काफी अलग है। सूरज के आउटर ऐटमॉस्फियर को कोरोना कहा जाता है। वह बेहद गर्म होता है। कोरोना गर्म क्यों होता है, इसकी इसकी पूरी जानकारी नहीं है। कोरोना को पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान ही देखा जा सकता है। अब हम कोरोनाग्राफ जैसा एक टेलिस्कोप ङ्कश्वरुष्ट इस मिशन के साथ भेज रहे हैं, जो कोरोना पर 24 घंटे निगाह रखेगा और ग्राउंड स्टेशन पर रोज 1,440 फोटो भेजेगा।

आदित्य रु-1 मिशन का बजट करीब 423 करोड़ रुपए है। इसे पीएसएलवी-सी 57 से लांच किया गया है। धरती से रु-1 प्वाइंट की दूरी 15 लाख किमी धरती से रु-1 प्वाइंट की दूरी 15 लाख किमी है। आदित्य को सूर्य की कक्षा के 1-1 प्वाइंट पर स्थापित करना है यानी कि आदित्य रु-1 कक्षा से सूरज का अध्ययन करेगा। सूरज पृथ्वी के सबसे नजदीक का तारा है। सूरज से बहुत ज्यादा एनर्जी निकलती है। वहां से बेहद गर्म सौर लपटें उठती रहती हैं। अगर इस तरह की लपटों की दिशा पृथ्वी की तरफ हो जाए, तो यहां धरती के पास के वातावरण में बहुत असामान्य चीजें हो सकती हैं। तमाम स्पेसक्राफ्ट, सैटलाइट और कम्युनिकेशन सिस्टम खराब हो सकते हैं। ऐसी घटनाओं की समय रहते सूचना हासिल करना जरूरी होता है।

# हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में बह रहा था 'खूनी' लाल पानी, जिसने भी देखा नहीं कर सका यकीन




हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के स्थानीय लोग अचानक लाल रंग का पानी बहता देखकर दंग रह गए. आनन-फानन में लोगों ने पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी, जिसके बाद इस खूनी पानी बहने की वजह का पता लगाया गया. दरअसल ये पानी एक कत्था फैक्ट्री से आ रहा था. जिसे प्रशासन ने सील कर दिया.अचानक सड़क पर खूनी रंग के पानी के नजारे के देखकर लोगों का लगा कि मानो कोई खून की नदी बह रही हो. लेकिन ऐसा नहीं है. ये घटना हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले की है. जहां भजूण गांव में लकड़ी गिरने की वजह से कत्था फैक्ट्री के तीन टैंक फट गए. इसके बाद उसमें मौजूद सारा कत्था बह कर गंभरोला खड्डु के पानी में मिल गया. इससे खड्डु का पानी लाल रंग का हो गया. खड्डु का लाल पानी देख लोग अचंभित हो गए. इस बीच काफी समय तक लोग कई तरह के कयास लगाते रहे. जैसे ही सूचना प्रशासन तक पहुंची, फैक्ट्री को सील कर दिया गया. वहीं इस मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

# वक्त से पहले हो सकते हैं लोकसभा चुनाव

## भंग हो सकती है संसद; चुनाव आयोग बोला- हम हैं तैयार

केंद्र की मोदी सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है. सूत्रों का दावा है कि 17वीं लोकसभा जल्द भंग हो सकती है और समय से पहले चुनाव कराए जा सकते हैं. 18 सितंबर से शुरू होने वाला सत्र 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र हो सकता है.सूत्रों ने आगे बताया, अगर लोकसभा भंग हुई तो विधानसभा चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराया जा सकता है. विधानसभा के साथ लोकसभा चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग को तैयारियों के लिए एक महीने का वक्त चाहिए. कई राजनीतिक पार्टियों के नेता भी कह चुके हैं कि मोदी सरकार समय से पहले चुनाव करा सकती है.

आमतौर पर संसद के तीन सत्र होते हैं. इसमें बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र शामिल हैं. विशेष परिस्थितियों में संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने का प्रावधान है.

गौरतलब है कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है जिसमें पांच बैठकें होंगी. संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा,

'संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है. संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है. हालांकि यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधनी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है.

सूत्रों के अनुसार, विशेष सत्र के दौरान संसदीय कामकाज नए संसद भवन में ट्रांसफर हो सकता है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मई को किया था. संसद के नए भवन से जुड़े निर्माण कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि यह सत्र की मेजबानी के लिए तैयार हो सके.



यह खबर ऐसे समय पर आई है जब ढ्ढ.हृ.ष्ठ.ढ्ढ. गठबंधन की तीसरी बैठक आज मुंबई में हो रही है. इस बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत कई दिग्गज पहुंचे हैं.

# चांद की सतह पर खजाना ही खजाना, 'प्रज्ञान' ने भेजी जानकारी तो दुनिया भी रह गई हैरान

चांद के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर अंगद की तरह पांव जमाकर खड़ा है और प्रज्ञान रोवर सतर्कता के साथ चहलकदमी करते हुए एक से बढ़कर एक जानकारी भेज रहा है. प्रज्ञान चांद की सतह से जो जानकारी भेजा है


वो बेहद काम की है. चांद के जिस हिस्से में विक्रम और प्रज्ञान हैं वो विशाल खड्डों वाला इलाका है लेकिन उनमें खजाना भरा पड़ा है. आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि आखिर ऐसी क्या चीज मिली है जिसके बाद इसरो उत्साहित है और इंसानों के लिए भी लाभकारी साबित होने वाला है.सात दिन के सफर में प्रज्ञान रोवर ने बताया कि चांद पर ऑक्सीजन,सल्फर, आयरन और निकिल का बड़ा भंडार हो सकता है. अगर ऐसा है तो निश्चित तौर पर आने वाले दशकों में चांद रिहाइश के लिए विकल्प साबित हो सकता है.

### हाथ में एक और विकल्प

जानकारों का कहना है कि ऑक्सीजन के मिलने से पानी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है. इसके साथ ही आयरन का मिलना इस बात की तरफ इशारा कर रहा है धरती पर जब यह संसाधन पूरी तरह खत्म हो जाएगा तो चांद आगे चलकर इंसानी जरूरतों को पूरी कर सकता है। इसके साथ ही सिलिकॉन, टाइटेनियम की मौजूदगी इंसानों के लिए अच्छी खबर है. मसलन धरती पर जब इन रिसोर्स का दोहन हो चुका होगा तो हमारे पास दूसरे विकल्प भी होंगे.23 अगस्त को हुई थी सफल लैंडिंग

### चांद की सतह पर अब तक क्या मिला

-ऑक्सीजन, -सल्फर ,-आयरन, -निकिल, -क्रोमियम, -टाइटेनियम-मैग्नीज, -सिलिकॉन



चांद की सतह पर 23 अगस्त को शाम 6 बजकर चार मिनट विक्रम लैंडर के उतरने के बाद भारत ने इतिहास रच दिया. पहले तो वो उन चार देशों में शामिल हुआ जोकि यह कामयाबी हासिल कर चुके थे लेकिन भारत की कामयाबी इसलिए भी अहम हो गई क्योंकि दक्षिणी ध्रुव पर कोई देश अपने मिशन को पहली बार उतारने में कामयाब हुआ. अब तक जो भी मिशन कामयाब हुए वो या तो भूमध्यरेखा के आसपास या उत्तरी ध्रुव के करीब उतरे थे.

# पैसेंजर ट्रेन में महिला कांस्टेबल से रेप

## सावन झूला मेला में ड्यूटी के लिए जा रही थी अयोध्या खाकी वर्दी पर लगा बदनुमा दाग

सुल्तानपुर। महिला कांस्टेबल सुल्तानपुर से अयोध्या सावन मेले में ड्यूटी के लिए ट्रेन से जा रही थी कि उसकी आंख ट्रेन में लग गई और ट्रेन अयोध्या से आगे बढ़कर मनकापुर पहुंच गई जब उसकी नींद खुली तब उसने देखा की ट्रेन मनकापुर पहुंच गई है तो तुरंत इस ट्रेन से वह वापस अयोध्या ड्यूटी के लिए आ रही थी तभी ट्रेन के अंदर कुछ अज्ञात लोगों ने उसके साथ दरिंदगी कर दी और बुरी तरह मार कर घायल कर दिया सूत्रों के अनुसार पीड़ित महिला कांस्टेबल के साथ रेप के मामला भी संज्ञान में आ रहा है जख्मी हालत में महिला कांस्टेबल को ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया है जहां वह जिंदगी मौत से जूझ रही है ऐसी वारदात ने एक बार फिर निर्भया कांड की याद ताजा कर दी इस घिनौने कृत से आम जनमानस स्तब्ध है और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहा है अगर प्रदेश में महिला सिपाही ही सुरक्षित नहीं है तो आमजनमानस कैसे सुरक्षित रहेगा बताया जाता है पीड़ित महिला कांस्टेबल जनपद में पुलिस सहायता केंद्र में तैनात थी और इस संबंध में जब सुल्तानपुर जनपद के पुलिस अधीक्षक से बात की गई तो उन्होंने कहा की एसपी जीआरपी से लगातार संपर्क साधा जा रहा है और जनपद की पुलिस द्वारा उनका पूरा सहयोग किया जा रहा है।

# एक देश-एक चुनाव: 8 सदस्यीय कमेटी का ऐलान, अधीर रंजन और गुलाम नबी आजाद भी शामिल



केंद्र सरकार ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की जांच के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है. साथ ही समिति के सदस्यों के नामों का भी ऐलान कर दिया है. पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आज़ाद, एनके सिंह, सुभाष कश्यप, हरीश साल्वे और संजय कोठारी को समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है. ।

इस दिशा में एक और कदमदरअसल, केंद्र सरकार ने 'एक देश एक चुनाव' की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा दिया है. इसी कड़ी में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई गई समिति कमेटी के सदस्यों के नामों की घोषणा भी कर दी है. इसमें कुल 8 लोग शामिल होंगे. फिलहाल एक देश एक चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं. अब केंद्र सरकार ने इसको लेकर तैयारी तेज कर दी है.बिल के पक्ष और विपक्ष में तर्कएक्सपर्ट्स का कहना है कि यह बात सही है कि अगर 'एक देश-एक चुनाव' की प्रक्रिया होती है तो देश का काफी पैसा बचेगा लेकिन यह भी बात मानी जा रही है कि इससे संवैधानिक समन्वय की दिक्क्तें पैदा हो जाएंगी. इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि इससे कितना पैसा बचाया जा सकता है.संसद का विशेष सत्र भीइन सबके बीच केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र भी बुला लिया है. यह सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा कर सत्र में लगातार पांच बैठकें होंगी. इसी बीच इस सत्र को लेकर सुगबुगाहटों का दौर शुरू हो गया है. कहा जा रहा कि इस दौरान सरकार 'एक देश-एक चुनाव' बिल ला सकती है, अगर ऐसा होता है तो यह बड़ा कदम होगा.

# स्वामी प्रसाद मौर्य की जीभ काट दो और ले जाओ 10 लाख का इनाम: कांग्रेस नेता ने उनके हिंदुत्व वाले बयान पर किया पलटवार



उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक कांग्रेस नेता ने समाजवादी पार्टी (सपा) नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की जीभ काटने वाले को 10 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की, जिन्होंने हाल ही में हिंदू धर्म एक धोखा है कहकर विवाद खड़ा कर दिया था। मुरादाबाद में कांग्रेस के मानवाधिकार विभाग के अध्यक्ष पंडित गंगा राम शर्मा ने सपा नेता पर हिंदू धर्म का अपमान करने और धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस की निंदा करने का आरोप लगाया। इनाम की घोषणा वाला उनका पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है इस सप्ताह की शुरुआत में, मौर्य ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में हिंदू धर्म को धोखा देने वाला और एक धोखा करार दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में सभी असमानताओं का कारण ब्राह्मणवाद है। उन्होंने लिखा ब्राह्मणवाद की जड़ें बहुत गहरी हैं और सारी असमानता का कारण भी ब्राह्मणवाद ही है। हिंदू नाम का कोई धर्म नहीं है। हिंदू धर्म सिर्फ एक धोखा है। इस देश के दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को फंसाने की साजिश है इस साल जनवरी में एसपी नेता ने हिंदू धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस को बकवास बताते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस 'शूद्रों' को निम्न जाति का दर्जा देता है और यह भी कहा कि तुलसीदास ने यह पाठ अपनी खुशी के लिए लिखा था। इन टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई और अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी ने खुद को मौर्य की टिप्पणियों से दूर कर लिया।

इस बीच, सपा नेता मनोज कुमार पांडे ने सोमवार को कहा कि मौर्य के बयान पार्टी के रुख को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं. उन्होंने अपने राजनीतिक करियर को पुनर्जीवित करने के लिए धर्म का उपयोग करने के लिए मौर्य की भी आलोचना की।

# लिव इन पर देश की इस अदालत ने की तल्ख टिप्पणी, घड़ी-घड़ी पार्टनर बदलना सही नहीं




भारत में वैवाहिक संस्था को सुनियोजित तरीके से नष्ट करने की कोशिश हो रही है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव इन मामले में सुनवाई कर रही याचिका पर तल्ख टिप्पणी की. अदालत ने कहा कि जिस तरह से विवाह के जरिए सुरक्षा और स्थायित्व का भरोसा मिलता है उसे लिव इन के जरिए नहीं हासिल किया जा सकता. हमें यह सोचना होगा कि इस व्यवस्था से किस तरह का नुकसान हो रहा है. क्या इसकी वजह से आपसी रिश्ते नहीं प्रभावित हो रहे हैं.

जस्टिस सिद्धार्थ की अदालत ने कहा कि घड़ी घड़ी बॉयफ्रेंड बदलने की चाहत को किसी स्थाई और स्वस्थ समाज के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता. यह मामला सहारनपुर के एक केस से जुड़ा है,लिव इन में रहने वाली लड़की ने अपने बॉयफ्रेंड पर रेप का आरोप लगाया था. हुआ कुछ यूं कि एक लड़का 19 साल की लड़की के साथ लिव इन में रहता था आपसी रजामंदी से रिश्ता कायम हुआ और लड़की प्रेग्नेंट हो गई. प्रेग्नेंट होने के बाद लड़की ने रेप का केस देवबंद पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया. अर्जी में लड़की ने कहा कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर रेप किया और बाद में पलट गया. आरोपी की गिरफ्तारी 18 अप्रैल को हुई थी.

अदालत ने कहा कि लिव इन रिश्ते को सामान्य आप मान सकते हैं जब इस देश में वैवाहिक संबंध पूरी तरह अप्रासंगिक हो जाएं जैसा कि कुछ विकसित देशों में होता है लेकिन वहां भी अगर आप देखें तो यह समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है. अगर उस तरह की समस्या यहां भी बनी रही तो भविष्य में हम सबको मुश्किल हालात का सामना करना पड़ेगा. जस्टिस सिद्धार्थ ने कहा कि गैरवफादारी को शादी और लिव इन में प्रगतिशील समाज की तरह देखा जा रहा है. युवा इस तरह के विचारों से बिना उसके नुकसान को समझे आकर्षित हो रहे हैं.

# स्कूल में काट दी गई बच्चों के हाथ में बंधी राखी, भड़के अभिभावकों ने किया हंगामा

उत्तर प्रदेश के बरेली से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. दरअसल, यहां के एक स्कूल में स्कूल प्रशासन ने स्टूडेंट्स के हाथ पर बंधी राखी को कटवा दिया. इसके अलावा जिन बच्चों ने कलावा पहन रखा था, वो भी उतरवा दिया गया. जब इस घटना की जानकारी स्टूडेंट्स ने अपने अभिभावकों को जाकर दी तो स्कूल में उनके साथ हिंदू संगठन भी पहुंचे और जमकर हंगामा किया. बता दें कि हिंदू संगठनों और स्टूडेंट्स के अभिभावकों ने स्कूल पर धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है.जान लें कि ये मामला बरेली के आंवला थाना इलाके का है. आरोप के मुताबिक, यहां के होली फैमिली कान्वेंट स्कूल में स्टूडेंट्स की राखी को कटवा दिया गया. इसके साथ ही बच्चों को हिदायत दी कि दोबारा स्कूल में कलावा या राखी बांधकर नहीं आएं. ये बात बच्चों के अभिभावकों को पसंद नहीं आई.बता दें कि रक्षाबंधन पर इन स्टूडेंट्स ने अपने हाथ पर राखी बांधी थी. लेकिन जब वे हाथ में बंधी राखी के साथ स्कूल पहुंचे तो वहां टीचर ने इसका विरोध किया और बच्चों के हाथ पर बंधी राखी को कटवा दिया. इसके साथ ही जिन बच्चों ने हाथ में कलावा बांध रखा था, उनका कलावा भी उतरवा दिया गया.गौरतलब है कि स्कूल में हंगामा होने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां मौजूद अभिभावकों और धार्मिक संगठनों के लोगों को समझाया. इसके बाद पुलिस ने स्कूल के मैनेजमेंट से भी बात की. हंगामा बढ़ने के बाद स्कूल के प्रबंधन ने माफी भी मांगी. एक अभिभावक ने कहा कि उनके बच्चे कहा गया था कि राखी या कलावा नहीं पहन सकते।

# वैध लाइसेंस के बिना दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर कार्रवाई करें केंद्र और राज्य सरकार: अदालत

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र और नगर सरकार को वैध लाइसेंस के बिना दवाओं की ऑनलाइन बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने केंद्र को उचित कदम उठाने तथा ऑनलाइन दवाओं की अवैध बिक्री पर अपने अंतिम रुख के बारे में अदालत को सूचित करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया। केंद्र के वकील ने अदालत को सूचित किया कि दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर एक मसौदा अधिसूचना के बारे में परामर्श अभी चल रहा है, जिसके बाद पीठ ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 16 नवंबर को सूचीबद्ध किया। पीठ ने 28 अगस्त को पारित अपने आदेश में कहा, भारत संघ को उचित कदम उठाने और उसके बाद इस मामले में उसके अंतिम रुख के बारे में अदालत को सूचित करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया जाता है। इस बीच, भारत संघ और राज्य सरकार को 12 दिसंबर, 2018 के अंतरिम आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के संबंध में कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाता है, जो कि बिना वैध लाइसेंस दवाओं की ऑनलाइन बिक्री में शामिल हैं। उच्च न्यायालय ने पहले केंद्र से दवाओं की ऑनलाइन अवैध बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

# कैसे श्री गणेश हिंदू पुनरुत्थान की शक्ति का प्रतीक बन गए

**किसी भी शुभ काम का आरंभ श्री गणेश को स्मरण करने से किया जाता है क्योंकि विघ्नहर्ता गणेश भाग्यविधाता कहलाते हैं। गणेश चतुर्थी को सबसे पहले छत्रपति शिवाजी महाराज ने लोकप्रिय बनाया था, लेकिन 19वीं सदी के अंत में यह हिंदू सांस्कृतिक एकता का सार्वजनिक प्रदर्शन बन गया।**



## शिवाजी महाराज ने की शुरुआत

शिवाजी के वक्त से ही मराठा सरदार और पेशवा युद्ध से पहले भगवान गणेश की पूजा किया करते थे। शिवाजी महाराज के बाद पेशवा राजाओं की ओर से गणेशोत्सव को आगे बढ़ाया गया। पेशवाओं के महल शनिवार वाड़ा में पुणे के लोग और पेशावओं के सेवक बेहद ही उत्साह के साथ हर साल गणेशोत्सव को मनाते थे।



## हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत को तिलक ने किया महसूस



लोकमान्य तिलक और कई अन्य लोगों ने सभी वर्गों के हिंदुओं को एकजुट करने, हिंदू पहचान को पुनर्जीवित करने के लिए गणेश उत्सव को एक सामाजिक आंदोलन में बदलने का नेतृत्व किया।

1892 में भाऊ रंगारी ने पुणे में एक लोकप्रिय सार्वजनिक गणेश मूर्ति स्थापित की थी। गणेश उत्सव वर्ग और जाति से ऊपर उठकर पहले से ही एक सामुदायिक पहलू रखता है।



## गणेश उत्सव एक शक्तिशाली सांस्कृतिक माध्यम

गणेश उत्सव अब एक मजबूत राष्ट्रीय पहचान बनाने के लिए हिंदुओं के बीच राजनीतिक सक्रियता, बौद्धिक प्रवचन और सांस्कृतिक सामंजस्य के लिए एक सार्वजनिक माध्यम के रूप में काम कर सकता है।



गणेश उत्सव की रक्षा करने वाले संगठित लाठीधारी बैंडों में शामिल होने के लिए अखाड़ों में भाग लेना शुरू कर दिया। गणेश चतुर्थी अंततः भूली हुई धार्मिक पहचान को फिर से जागृत करने और हिंदुओं के बीच सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने का एक शक्तिशाली सांस्कृतिक माध्यम बन गया है।



# मनीप्लांट से जुड़ी ये भूलकर भी न करें 5 गलतियां, आप भी जान लें

वास्तु शास्त्र के अनुसार, मनीप्लांट लगाने से आर्थिक समृद्धि होती है। घर में मनप्लांट रखने से सुख-समृद्धि का वास होता है। इसके अलावा इस पौधे को ऑफिस या दुकान में भी रख सकते हैं। आर्थिक तंगी से बचने या फिर छुटकारा पाने के लिए इस पौधे को लगाया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि घर में मनीप्लांट रखने से पहले कुछ बातों का जान लेना जरूरी होता है। मनीप्लांट से जुड़ी एक गलती व्यक्ति को कंगाल बना सकती है।



◆इस दिशा में न रखें मनीप्लांट- सुख-समृद्धि पाने के लिए मनीप्लांट को सही दिशा में रखना जरूरी होता है। घर की उत्तर-पूर्व दिशा में मनीप्लांट भूलकर भी नहीं करना चाहिए। कहते हैं कि इस दिशा में मनीप्लांट लगाने से व्यक्ति कर्ज तले दब जाता है। घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसलिए इस पौधे को हमेशा दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना चाहिए।

◆ सीधे जमीन पर न रखें- मनीप्लांट का पौधा तेजी से बढ़ता है। इसलिए इस पौधे को सीधे जमीन पर नहीं रखना चाहिए। बल्कि आप रस्सी या किसी छड़ी की मदद से इसे ऊपर की ओर बढ़ने की दिशा में रख सकते हैं। इसे कभी जमीन पर न फैलने दें।

◆सूखने माना जाता है अशुभ- वास्तु के अनुसार, घर में सूख रहे मनीप्लांट को दुर्भाग्य का प्रतीक माना जाता है। सूखता मनीप्लांट घर की आर्थिक स्थिति को भी नुकसान पहुंचाता है। इसलिए अगर इसके पत्ते सूखने लगे तो उन हिस्सों को काट देना चाहिए।

◆ 4. हमेशा घर के अंदर रखें- मनीप्लांट को हमेशा घर के अंदर ही रखना चाहिए। इस पौधे को पनपने के लिए सूर्य के ज्यादा प्रकाश की जरूरत नहीं होती है। इसलिए मनीप्लांट का पौधा कभी घर के बाहर नहीं रखना चाहिए। ऐसा करना अशुभ माना जाता है।◆ भूलकर भी न करें गिफ्ट- वास्तु शास्त्र के अनुसार, मनीप्लांट का पौधा भूलकर भी किसी को गिफ्ट नहीं करना चाहिए। कहते हैं कि ऐसा करने से शुक्र नाराज हो जाते हैं। शुक्र ग्रह को सुख-शांति का प्रतीक माना जाता है। इसलिए दूसरों को मनीप्लांट गिफ्ट करने से बचें।

# यह उपाय करेंगे तो प्रसन्न हो जाएंगे न्याय के देवता शनिदेव

ज्येष्ठ माह की अमावस्या के दिन भगवान शनिदेव का जन्म हुआ। इस दिन को शनि जयंती के रूप में मनाया जाता है। कहा जाता है कि शनिदेव की अगर कृपा हो जाए तो जीवन से हर दुख दर्द दूर हो जाते हैं। भगवान शनिदेव बहुत जल्द प्रसन्न होकर अपने भक्तों की सभी मुरादें पूर्ण कर देते हैं। शनिदेव की जयंती पर कुछ उपाय अवश्य करने चाहिए। आइए जानते हैं इनके बारे में।

शनिदेव न्याय के देवता हैं। शनि की महादशा से परेशान लोगों के लिए यह दिन विशेष फल देने वाला माना जाता है। शनिदेव की जयंती के दिन भगवान शिव और हनुमान जी की पूजा करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। शनि जयंती के दिन भगवान शनिदेव की पूजा के साथ शिवलिंग पर जल अर्पित करें। इस दिन शनि चालीसा का पाठ करें। इस विशेष दिवस पर भगवान शनिदेव के मंदिर जाकर तेल, काली तिल, नीले फूल और उड़द अर्पित करें। इस दिन जरूरतमंदों को काला कपड़ा, तेल, भोजन, उड़द और मिठाई आदि का दान करें। मान्यता है कि शनि जयंती के दिन छाया दान करने से समस्त कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस दिन किसी का दिल न दुखाएं। बुजुर्गों का भूल से भी अपमान न करें। शनिदेव के समक्ष तिल के तेल का दीपक जलाएं। तिल के तेल से भगवान शनिदेव का अभिषेक करें। शनिदेव की पूजा में नीले रंग के फूल, शमी के पत्ते, काला तिल, सरसों के तेल आदि का प्रयोग करें। इस दिन सोमवती अमावस्या के साथ वट सावित्री व्रत का त्योहार भी मनाया जाएगा।



# धन प्राप्ति के लिए जरूर करें फेंगशुई का या छोटा सा उपाय

फेंगशुई का सामना घर की सुंदरता में चार चांद लगाने के साथ ही ग्रह दोषों को भी दूर करने में सहायक होते हैं। ग्रहों के अशुभ प्रभावों की वजह से व्यक्ति का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है। फेंगशुई के उपाय करने से ग्रह का अशुभ प्रभाव कम हो जाता है। धन प्राप्ति के लिए घर में फेंगशुई का वॉटर फाउंटेन जरूर रखें। ऐसा माना जाता है घर में फेंगशुई का वॉटर फाउंटेन रखने से धन- लाभ होता है। आइए जानते हैं घर में किस जगह पर फेंगशुई का वॉटर फाउंटेन रखना चाहिएफेंगशुई का वॉटर फाउंटेन घर के मुख्य द्वार पर रखना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि जिस घर के मुख्य द्वार के पास बहते हुए पानी का सोता होता है वहां कभी भी धन की कमी नहीं रहती है।

मुख्य द्वार के दाईं ओर भी रख सकते हैंअगर आप फेंगशुई के वॉटर फाउंटेन को घर के मुख्य द्वार के सामने नहीं रख सकते हैं तो आप इसे मुख्य द्वार के दाईं ओर रख लें।

## श्री सिया राम भगवान की जय


भूत पिशाच निकट नहिं आवै, महावीर जब नाम सुनावै ॥24 ॥ अर्थ = जहां महावीर हनुमानजी का नाम सुनाया जाता है, वहां भूत, पिशाच पास भी नहीं फटक सकते। जिसे किसी अनजान शक्ति या भूत पिशाच आदि से डर लगता है वे हनुमानजी का बस नाम ही जपते रहेंगे तो भय?मुक्त हो जाएंगे ।भूत-पिशाच जैसी ऊपरी बाधाओं से परेशान व्यक्ति को बजरंगबाण का पाठ करना चाहिए और नित्य या मंगलवार और शनिवार को हनुमान मंदिर में जाकर हनुमानजी जी से प्रार्थना करे एवम अपनी गलतियों की माफी मांगे और अनसे प्रार्थना करे की जो भी हम से भूल हुई है उसका हमे किसी भी माध्यम से हल बताए और हम पर अपनी कृपा करे ।यदि आप अंधेरे, भूत-प्रेत से डरते हैं या किसी भी प्रकार का भय है तो आप %हं हनुमंते नम-% का रात को सोने से पूर्व हाथ-पैर और कान-नाक धोकर पूर्वाभिमुख होकर जाप करे एवम श्री बाबा जी से एवम अपने गुरु महाराज से प्रार्थना करे की हे गुरु देव आप हमारी रक्षा करे एवम रात्रि मे हमे किसी भी प्रकार की चिंता या बाधा न सताए एवम गुरु मंत्र का जाप करके सो जाय


# यह संकेत मिलने लगें तो समझो ईश्वर आपके साथ हैं

**भगवान आपसे प्रसन्न हैं या फिर जीवन में कुछ अच्छा होने वाला है तो कुछ संकेत आपको पहले से ही इसका आभास करा देते हैं। कहा जाता है कि जो लोग हर पल भगवान का स्मरण करते हैं, जिनका मन पवित्र होता है और परोपक यह संकेत मिलने लगें तो समझो ईश्वर आपके साथ हैं**

भगवान आपसे प्रसन्न हैं या फिर जीवन में कुछ अच्छा होने वाला है तो कुछ संकेत आपको पहले से ही इसका आभास करा देते हैं। कहा जाता है कि जो लोग हर पल भगवान का स्मरण करते हैं, जिनका मन पवित्र होता है और परोपकार में जिनका जीवन व्यतीत होता है उन पर भगवान की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। ईश्वर आपके साथ हैं, इसे लेकर वास्तु में कुछ संकेत बताए गए हैं आइए जानते हैं इनके बारे में।

भविष्य में होने वाली घटनाओं को लेकर मन में कुछ आभास सा होने लगे तो माना जाता है कि भगवान का आशीर्वाद आपके साथ है। जिन पर भगवान की कृपा होती है, वह चाहें अमीर हों या गरीब, उन्हें हर जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। अगर आपको अपनी मेहनत से किए गए किसी भी कार्य में सफलता मिल जाए तो इसे भगवान की ही कृपा समझना चाहिए। कहा जाता है कि जो लोग हमेशा साधारण जीवन व्यतीत करते हैं और दिखावे से दूर रहते हैं, भगवान उनसे प्रसन्न रहते हैं। जो लोग पवित्र हृदय के होते हैं और जाने अनजाने में किसी का भी अपमान नहीं करते उन पर भगवान की कृपा सदैव बनी रहती है। जिनका जीवन परोपकार में बीतता है ऐसे लोगों पर ईश्वर कृपा बरसाते हैं। मधुर स्वभाव और विनम्र लोगों का साथ भी ईश्वर कभी नहीं छोड़ते हैं। अगर सपने में लगातार मंदिर या फिर भगवान की छवि दिखाई दे तो माना जाता है कि आप पर भगवान की कृपा बनी हुई है। अगर किसी महत्वपूर्ण कार्य में गलत निर्णय लेने से पहले मन में कुछ संशय आ जाए और आपको निर्णय लेने से रोक ले तो समझो ईश्वर आपके साथ हैं।






मां गायत्री त्रिदेव की आराध्य है। हिन्दू धर्म में गायत्री मंत्र का विशेष महत्व है। मान्यता है कि गायत्री मंत्र के जाप से मन की शांति, जीवन में सुख की प्राप्ति होती है। यह सबसे अधिक लाभकारी मंत्र माना जाता है। ब्रह्मर्षि विश्वामित्र ने गायत्री मंत्र का प्रसार किया। उन्होंने गायत्री मंत्र के जाप के लाभों को बताया। इसके उच्चारण मात्र से ही वातावरण पवित्र हो जाता है। यह मंत्र मन की एकाग्रता को बढ़ाता है। इस मंत्र के जाप से सीखने की शक्ति का विकास होता है। यह मंत्र मन को मजबूत करता है।

गायत्री मंत्र का सबसे पहला जिक्र ऋग्वेद में मिलता है। गायत्री मंत्र का उच्चारण ? के साथ किया जाता है। इससे एकाग्रता बढ़ती है। गायत्री मंत्र को हिंदू धर्म में वशिष्ट स्थान दिया गया है। तमाम अनुष्ठानों में इसका उच्चारण किया जाता है। गायत्री मंत्र का जाप करने से शरीर के अंगों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है और इनमें ऊर्जा का प्रवाह होता है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। गायत्री मंत्र का जाप हृदय को भी लाभ पहुंचाता है। कहा जाता है कि इस मंत्र का जाप करने से त्वचा में चमक आती है। गायत्री मंत्र का जाप सूर्योदय से पहले करना चाहिए। दोपहर में भी इस मंत्र का जाप किया जा सकता है। शाम को गायत्री मंत्र का जाप सूर्यास्त से कुछ समय पहले और सूर्यास्त के कुछ समय बाद करना चाहिए। गायत्री मंत्र का नियमित जाप करने से हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस मंत्र का जाप करने के लिए स्नान आदि निवृत्त होकर स्वच्छ और सूती वस्त्र धारण करें और किसी आसन पर बैठकर जाप करें। जाप के लिए तुलसी या चंदन की माला का प्रयोग करें।

# तपस्या के बराबर फल देता है इस दिन जल का दान

हिन्दू धर्म में गंगा दशहरा का विशेष महत्व है। मां गंगा को समर्पित यह त्योहार ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। गंगा दशहरा के दिन गंगा जी में स्नान करने और दान पुण्य करने से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। गंगा दशहरा के दिन मंदिर में जाकर शिवलिंग को गंगा जल से स्नान कराएं। माना जाता है कि इस दिन जल का दान करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।

मां गंगा भवतारिणी हैं। गंगा दशहरा का दिन पावन माना जाता है। इस दिन मां गंगा के लिए व्रत भी रखना चाहिए। गंगाजल को बहुत पवित्र और पूजनीय माना गया है। किसी भी शुभ कार्य और पूजा अनुष्ठान में गंगाजल का प्रयोग अवश्य किया जाता है। गंगा दशहरा के दिन जल दान का विशेष महत्व है। गंगा दशहरा के दिन श्री सत?यनारायण की कथा सुनना या पढ़ना बेहद शुभ माना जाता है। इस शुभ दिन पर गंगा नदी में स्नान कर गंगा मां से प्रार्थना करें कि परिवार को सेहतमंद रखें। इस दिन जल, अन्न, फल, वस्त्र, पूजन व सुहाग सामग्री, नमक, तेल, गुड़ और स्वर्ण दान करने का विशेष महत्व है। गंगा दशहरा के दिन किसी प्यासे को पानी पिलाने से कई तपस्या के बराबर फल मिलता है। गंगा पूजन करने से मांगलिक दोष, कर्ज से छुटकारा मिलता है। कार्यक्षेत्र में बाधा आ रही है तो गंगा दशहरा के दिन मिट्टी के घड़े में जल डालें और उसमें चीनी और पानी मिलाकर रखें और उसमें गंगा जल की कुछ बूंदें डालें। घड़े को पानी समेत दान कर दें। घर में इस दिन गंगाजल का छिड़काव करें। ऐसा करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।



# भगवान की परीक्षा लेने के लिए ब्रह्माजी ने क्या लीला रची थी?



भगवान श्रीकृष्ण को ग्वाल-बालों के साथ भोजन करते हुए देखकर ब्रह्मा जी को बड़ा आश्चर्य हुआ। वे सोचने लगे, भोजन करने का ये कौन सा तरीका है? हाथ-पैर धोकर बैठना चाहिए, पवित्रता के साथ आसन पर बैठना चाहिए, न जूठा खाना चाहिए न खिलाना चाहिए मौन होकर भोजन करना चाहिए। यहाँ तो एक भी लक्षण नहीं दिख रहा है। मुझे तो लगता है ये नारायण नहीं हो सकते। अब ब्रह्माजी ने सोचा कि जब इतना संकल्प विकल्प हो रहा है तो क्यों न परीक्षा ले ली जाए।

भगवान इधर भोजन करने में लगे थे व्रजवासियों के साथ मस्ती-मज़ाक में व्यस्त थे उधर ब्रह्माजी धीरे से आए और सभी गाय-बछड़ो को उठाकर ब्रह्मलोक में लेकर चले गए। व्रजवासी बोले- अरे, लाला ! खाते ही रहोगे की बछड्न को भी देखोगे, दूर-दूर तक एक भी नजर नहीं आ रहे हैं। कन्हैया बोले— अच्छा तुम लोग भोजन करो मैं देखता हूँ, आंखिर हमारे सबके सब बछड़े कहाँ चले गए ? कन्हैया ने दही भात मुँह में भर लिया और कुछ हाथ में लेकर दौड़ लगा दी। सपाणि कवलो ययौ। अब भगवान गाय-बछड़ो को ढूंढ़ने निकले, इधर ब्रह्माजी को मौका मिला, उन्होंने सभी ग्वाल-बालों को भी उठा लिया और ब्रह्मलोक में छिपा दिया। इधर कृष्ण ने पूरा जंगल छान मारा एक भी गाय-बछड़ा नहीं दिखा। प्रभु ने सोचा, यदि गायब होता तो एकाध बछड़े कहीं इधर-उधर चले जाते, हमारे तो हजारों बछड़े थे, अचानक सबके सब कहाँ चले गए? सोचते-विचारते यमुना के किनारे आए, तो देखा कि सबके सब व्रजवासी भी गायब। अब भगवान को लगा कि, भाई जरूर कुछ गड़बड़ है। ध्यान लगाकर देखा तो सब समझ गए। अच्छा तो ये ब्रह्मा बाबा की करामात है। ये हमारी परीक्षा ले रहे हैं। ठीक है हम भी इनको जवाब देते हैं। जो जिस विषय का ज्ञाता हो उसको उसी विषय में प्रभावित किया जाए तो वह आपकी महत्ता स्वीकार करेगा आपको पंडित समझेगा। यदि व्याकरण का ज्ञानी हो तो आप उसको व्याकरण की व्युत्पति से प्रभावित कीजिए तो वह आपको श्रेष्ठ मानेगा। अब भगवान को लगा कि ब्रह्माजी शृष्टि करने के विशेषज्ञ हैं। मै भी इनको नई श्रीष्टि करके दिखाता हूँ। उन्ही के विषय में उनको प्रभावित करना चाहिए। भगवान ने लीला रची, जितने व्रजवासी थे उतने व्रजवासी बन गए। जितने बछड़े थे भगवान उतने बछड़े बनकर तैयार हो गए। और रूप-रेखा में कोई अंतर नहीं, तद्वत, ब्रह्मा की सृष्टि के अनुरूप, नई सृष्टि बनकर तैयार हो गई। भगवान ने केवल शरीर मात्र ही नहीं बनाया बल्कि जो जैसा कपड़ा पहनकर आया था भगवान वैसे ही कपड़े भी बन गए। जो जैसा डंडा लेकर आया था वैसा ही डंडा भी बन गए। यदि केवल शरीर ही बनाते और ग्वाल-बाल अपने घर नंगे ही जाते तो उनके माँ-बाप टोकते, तुम्हारा कपड़ा और डंडा कहाँ गया? इसलिए प्रभु को कपड़ा भी बनना पड़ा। सर्वं विश्वमयम जगत आज यह महावाक्य भगवान ने चरितार्थ कर दिया ।शुकदेवजी कहते हैं- परीक्षित तब तक ब्रह्मा जी भी ब्रह्मलोक से व्रज में आ गए और ग्वाल-बालो तथा गाय-बछड़ों की नई सृष्टि देखकर चकित रह गए। भगवान को देखकर ब्रह्मा जी अपने वाहन हंस पर से कूद पड़े और श्री कृष्ण के चरण पकड़ लिए। हे प्रभो ! मै अज्ञान के वशीभूत होकर आपकी परीक्षा लेने चला था।



# भगवान शिव हो जाएंगे प्रसन्न अगर सोमवार को करेंगे यह उपाय

## देवाधिदेव भगवान शिव कृपा सागर हैं। बस सच्चे मन से उनका ध्यान करने मात्र से वह प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शिव को समर्पित सोमवार का दिन हर कार्य के लिए शुभ माना जाता है। सोमवार के दिन कुछ विशेष उपाय करन भगवान शिव हो जाएंगे प्रसन्न अगर सोमवार को करेंगे यह उपाय

देवाधिदेव भगवान शिव कृपा सागर हैं। बस सच्चे मन से उनका ध्यान करने मात्र से वह प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शिव को समर्पित सोमवार का दिन हर कार्य के लिए शुभ माना जाता है।

सोमवार के दिन कुछ विशेष उपाय करने से शुभ फलों की प्राप्ति की जा सकती है। वास्तु में इस दिन के लिए विशेष उपाय बताए गए हैं, आइए जानते हैं इनके बारे में।

सोमवार को स्नान आदि से निवृत्त होकर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। मंदिर में शिवलिंग पर कच्चा दूध अर्पित करें। सोमवार के दिन सफेद, हरे, पीले, लाल या आसमानी रंग के वस्त्र धारण कर सकते हैं। सोमवार के दिन गंगाजल लाकर अपने रसोई घर में रखें। ऐसा करने से घर में सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है। शांति का वास होता है। सोमवार के दिन चांदी के बने त्रिशूल को घर के मंदिर में रख दें। ऐसा करने से नकारात्मकता दूर हो जाती है। थोड़े-से शहद में एक बूंद गंगाजल मिलाकर शिवलिंग पर अर्पित करें। ऐसा करने से दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहती हैं। शिवलिंग पर हमेशा मिश्री अर्पित करने के बाद ही जल चढ़ाना चाहिए। सोमवार को सफेद गाय को रोटी और गुड़ खिलाने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। सोमवार के दिन नंदी को घास खिलाएं। इससे अन्न-धन संबंधी समस्याएं दूर हो जाती हैं। सोमवार को सफेद वस्तु जैसे दूध, दही, सफेद वस्त्र, चीनी आदि का दान करना शुभ माना जाता है। इस दिन खीर बनाकर जरूरतमंदों में बांटें। सोमवार के दिन महामृत्युंजय मंत्र का 108 बार जप करें। शिव जी को सफेद फूल पसंद है लेकिन उन्हें केतकी के फूल न चढ़ाएं। अगर घर में भगवान शिव की तस्वीर लगाना चाहते हैं तो उत्तर दिशा का चुनाव करें। भगवान शिव की ऐसी तस्वीर लगाएं, जिसमें वो ध्यान मुद्रा में बैठे हों। नंदी पर सवार भगवान शिव का चित्र भी लगा सकते हैं। शिव परिवार का चित्र भी इस दिशा में लगा सकते हैं। भगवान शिव की खड़ी मुद्रा में तस्वीर कभी भी घर या फिर प्रतिष्ठान में नहीं लगानी चाहिए। अगर बच्चों का मन पढ़ाई में नहीं लगता है तो सोमवार को एक मुट्ठी गेहूं शिवलिंग पर अर्पित करें।

# द्वितीय परिचय सम्मेलन में 15 जोड़ों ने चुना जीवन साथी 42 ने रजिस्ट्रेशन कराया



बीपीएस न्यूज

कानपुर। महर्षि बाल्मीकि जन्मोत्सव केन्द्रीय मेला कमेटी द्वारा आज मोतीझील स्थित महर्षि बाल्मीकि उपवन में सामुहिक विवाह हेतु द्वितीय सर्व समाज वर कन्या परिवार परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 42 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया और एक दूसरे का परिचय प्राप्त करके 15 जोड़ा ने जीवन साथी चुना। दोनों परिचय सम्मेलन में कुल मिला कर इस वर्ष 37 जोड़ों ने जीवन साथी चुना है इस वर्ष 75 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिनका विवाह शरद पूर्णिमा के दिन दि0 28-10-2023 कमेटी द्वारा आयोजित मेले में कराया जायेगा। मेला कमेटी ने बताया कि इस वर्ष भगवान बाल्मीकि जी महा आरती व अभिषेक समारोह दि0 27-10-2023 को किया जायेगा। केन्द्रीय मेला कमेटी ने मेले के व्यवस्था प्रभारियों की नियुक्त की है जिसकी बैठक दि0 03-09-2023 को व्यवस्था प्रभारियों तथा संचालक मण्डल की बैठक कर मेले की व्यवस्था का अन्तिम रूप दिया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजजियावन सागर, अरूण समुद्रे, प्रकाश हजारिया, राम गोपाल सागर, मुन्ना पहलवान, माता प्रसाद, राम स्वरूप, सुरेश भारती, डी0डी0सुमन, श्रीकान्त बेरीसाल, नरेन्द्र खन्ना, विनोद कुमार एड0 चौ0 रामगोपल बाल्मीकि, शिवराम मकोरिया, अशोक भारती दिनेश सुदर्शन, मनप्यारे बाल्मीकि, हरीओम बाल्मीकि, धनश्याम गहेरवार, अशोक सम्राट, सोनू उर्फ सुनील, राजकुमार वर्मा, प्रेमा देवी, प्रतिभा चौधरी, आरती त्रिवेदी, बेबी कश्यप, मीरा पासवान, कुसुम बक्सी सहित सैकड़ों लोगों ने परिचय सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राम जियावन सागर और संचालन महामंत्री अरूण समुद्रे ने किया।

# फौजियो को रक्षा सूत्र बांधकर देश की सुरक्षा का लिया आश्वासन



कानपुर। अपना घर छोड़कर देश की सेवा में जुटे फौजी भाइयों को आज ओम जन सेवा संस्थान की कानपुर टीम ने अध्यक्षा शिव देवी अग्रहरि (सीमा) के नेतृत्व मे फौजियो को रक्षा सूत्र बांधकर देश की सेवा का संकल्प लिया। फौजियों का हौसला बढाने का कार्य किया, अपनी बहन से हजारो किलोमीटर दूर फौजी भाईयो को पूरे सांस्कृतिक तरीके से तिलक लगाकर आरती उतारी व मिठाई खिलाकर राखी बांधकर देश की रक्षा का संकल्प लिया।

देश की रक्षा के लिए अपने प्राण की परवाह न करने वाले ऐसे फौजी सैनिकों को राखी बाधकर लम्बी उम्र की कामना किया।

55 बटालियन के कर्नल समीर कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि हम आपकी संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना करते है, संस्था ने फौजियों के लिए इतने अच्छे विचार आये हमें गर्व होता है । हाथों में खूबसूरत राखी देख कर फौजी भाइयों की खुशी का ठिकाना न रहा। इस समारोह में प्रमुख रूप से 55 बटालियन के कर्नल समीर कौशिक, लेफ्टिनेंट कर्नल सुल्तान सिंह, शमशेर सिंह, शिव देवी अग्रहरि (सीमा) पूजा सिंह, जगदीश सिंह अंशु, व तमाम फौजी भाई व एनसीसी कैडिट मौजूद रहे।

# प. श्याम बिहारी मिश्रा चौक चौराहा कलेक्टरगंज शीघ्र खोला जाए

कानपुर। स्वर्गीय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा पूर्व सांसद के नाम से जाने जाने वाला पंडित श्याम बिहारी मिश्रा चौक चौराहा कलेक्टरगंज बंद किए जाने के विरोध में समस्त व्यापार मंडलों की मांग ,

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा तथा कलेक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष मिश्रा तथा कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में अध्यक्ष राजेश गुप्ता महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने व्यापारियों के पुरोधा मसीहा पंडित श्याम बिहारी मिश्रा चौक चौराहा पुलिस द्वारा को बंद किए जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए एक ज्ञापन एसीपी कलेक्टर गंज को दिया की कलेक्टर गंज चौराहे को स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा व्यापार मंडल के जनक से भावनात्मक जुड़ाव देखते हुए शीघ्र खोला जाए, उपरोक्त ज्ञापन के संबंध में एसीपी कलेक्टर गंज ने विभिनन व्यापार मंडलों द्वारा पूर्व सांसद स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा के नाम कारण से चौराहे का भावनात्मक जुड़ाव है उपरोक्त भावना को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जा रहा है!



# पिछले 06 वर्षों से फरार चल रहे शातिर लुटेरा 15 हजार इनामियाँ अभियुक्त गिफ्तार



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन में अनावरण हेतु शेष अभियोगों में वाहित इनामियाँ अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त जोन पश्चिम अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन एवं सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में आनिए विकास कुमार गुप्ता मय हमराह कार 2620 शक्तिवेश के मुख्अ0] [69/17 धारा 3922411 भादवि0 थाना कल्यानपुर पर पंजीकृत अभियोग के अभियुक्त की तलाश में थाना हाजा से रवाना होकर ब्रह्मदेव चौराहे पर मौजूद था कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली की साहब आप अपने मुकदमे में जिस अभियुक्त की तलाश कर रहे है। वह अभी मसवानपुर चौराहे पर खड़ा है। सूचना पर 30नि0 विकास कुमार गुप्मा मय हमराह का 2620 शक्तिवेश के साथ मुखबिर को साथ लेकर मसवानपुर चौराहे के पास फिरोजी रंग की शर्ट व काली पैन्ट पहने व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम आकाश सविता उर्फ दीपक सविता पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी 3/309 अम्बेडकर पुरम आवास विकास 3 थाना कल्यानपुर कानपुर नगर उम्र लगभग 22 वर्ष बताया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध पुलिस उपायुक्त पश्चिम महोदय द्वारा 15 हजार का ईनाम घोषित किया जा चुका था अभियुक्त को उसके जुर्म से अवगत कराते हुए अन्तर्गत धारा 392 आईपीसी से अवगत कराते हुये मौके पर ही हिरासत पुलिस लेकर बा लाकर विधिक कार्यवाही की जा रहेगी।

# मीटर कटने पर विधवा पत्नी, विकलांग पुत्र के साथ पहुंची केस्को एमडी के कार्यालय इंसाफ की लगाई गुहार

बीपीएस न्यूज



कानपुर। सोनी गुप्ता ने लगाया आरोप अपराधिक व्यक्तियों द्वारा विभागीय साँठगाँठ से मीटर (कनेक्शन संख्या 1013766750) काटा गया है सोनी गुप्ता पत्नी स्वर्गीय पवन गुप्ता (पुत्र छोटे लाल गुप्ता ने आपने कार्यालय में 27 जुलाई 2023 को दिये गये सभी दस्तावेजों की जांच के बाद कार्यालय में मेरे निवास मकान नंबर 1233 सुदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, थाना कल्यानपुर कानपुर नगर पर मीटर लगाने का मेरा निवेदन स्वीकृत हुआ तथा कलेक्शन 4 अगस्त को जारी हुआ जिस पर स्थानीय एक्सईएन जो दलालों स्थानीय अपराधियों के साथ सांठगांठ करके कनेक्शन लगाने में देरी कर रहे थे, लेकिन जब मैंने सभी प्रमाण पत्रों सहित और स्थानीय लोगों की मदद से मीटर 18 अगस्त 2023 को मेरे निवास पर लगा दिया गया तथा कनेक्शन चालू कर दिया गया दिनांक 28 अगस्त को दिन 11 बजे के कुछ व्यक्ति मेरे निवास पर पहुंचे और मुझे एक्स ई. एन के नाम पर धमकाने लगे कहा कि कनेक्शन काट रहे है मीटर भी उखाड़ देगे, कोई हमारा कुछ नहीं कर पायेंगा ! और मेरे घर की बिजली काट दी महिला ने लगाए केस्को कर्मचारियों पर गंभीर आरोप महिला ने कहा कि जब तक मेरे घर में कनेक्शन नहीं जोड़ा गया तो अपने विकलांग बेटे के साथ ही कार्यालय से बाहर नहीं जाऊंगी!

# वाछिंत वारंटी आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा



कानपुर।पुलिस आयुक्त कमिश्नर कानपुर नगर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त पूर्वी व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी के निर्देशन में एवं सहायक पुलिस आयुक्त छावनी कानपुर नगर के कुशल नेतृत्व व थाना प्रभारी छावनी के कुशल दिशा निर्देश में थाना पुलिस बल के द्वारा अपराधों की रोकथाम तलाश वाछिंत वारंटी एंव गुमशुदा व्यक्ति के अभियान क्रम मे उ0नि0 मनोज कुमार, उ0नि0 पी0 के0 सागर, ब्रजेश कुमार के साथ थाना क्षेत्र में रवाना था तभी काकोरी व बदलीपुरवा से शांति भंग करने पर शनी निषाद पुत्र भानू निषाद निवासी म0नं0 35 बदलीपुरवा थाना छावनी कानपुर नगर उम्र 40 वर्ष अनिल पुत्र सियाराम निवासी 34 काकोरी थाना छावनी कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष शुभम उर्फ शिवम पुत्र अमरनाथ निवासी 43 काकोरी कैन्ट थाना छावनी कानपुर नगर उम्र 23 वर्ष को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर मा0 न्याया विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट चकेरी कमि) कानपुर नगर भेजा गया ।नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त शनी निषाद पुत्र भानू निषाद निवासी म0नं0 35 बदलीपुरवा थाना छावनी कानपुर नगर उम्र 40 वर्ष

अनिल पुत्र सियाराम निवासी 34 काकोरी थाना छावनी कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष शुभम उर्फ शिवम पुत्र अमरनाथ निवासी 43 काकोरी कैन्ट थाना छावनी कानपुर नगर उम्र 23 वर्ष!

# पांडु नदी में मिला 12वीं के छात्र का शव, परिजन बोले- हत्या कर फेंका है शव

कानपुर। कानपुर में जरौली फेज-2 से लापता इंटर के छात्र का शव गुरुवार को सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में पांडु नदी में उतराता मिला। वह 28 अगस्त की सुबह घर से टहलने जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि ताऊ ने करोड़ों की प्रॉपर्टी हड़पने के लिए उसकी हत्या कर दी है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सेना से रिटायर जय स्वरूप पांडेय का बेटा रमन (17) इंटर का छात्र था। छात्र की मां सुधा ने बताया कि रमन 28 अगस्त की सुबह दूध लाने गया और लौटकर फिर टहलने के लिए निकल गया। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे तक नहीं लौटा तो परिवार ने तलाशना शुरू किया।

पिता ने गुजैनी थाने में रमन की गुमशुदगी दर्ज करा दी।गुरुवार शाम को शव पांडु नदी में मिला। जानकारी मिलने पर शुक्रवार सुबह परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त बेटे रमन के रूप में की है। मृतक छात्र के पिता जय स्वरूप और मां सुधा ने ताऊ रामस्वरूप पर आरोप लगाया है।

**सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है मृतक**-उन्होंने बताया कि करोड़ों की संपत्ति के लिए हत्या कर शव को पांडु नदी में फिंकवा दिया। उधर, पुलिस का कहना है कि बच्चा अकेले सेन पारा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है।

# कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की छवि धूमिल करता दरोगा

## महिला से फोन पर अश्लील बाते करते हुए आडियो हुआ सोशल मीडिया पर वायरल






संवाददाता महेंद्र शुक्ला

कानपुर। एक तरफ प्रदेश सरकार महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न और अत्याचारो की रोकथाम के लिए नए-नए कानून बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ आम लोगों की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी ही सरकार के इस नियम का उल्लंघन कर रहे हैं। ताजा मामला कानपुर का है जहां पर सांढ़ थाने में तैनात उप निरीक्षक तेजवीर सिंह का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में वह पारिवारिक झगड़े की मदद के बदले पीड़ित महिला के साथ अश्लीलता भरी बातें कर रहे हैं। जबकि लगातार पीड़ित महिला उन्हें अंकल बोलकर उनकी बात को टाल रही है। लेकिन हवस के पुजारी दरोगा पीड़ित महिला को अपनी मीठी-मीठी बातों में फंसे में लगे हुए हैं। वही जब महिला और दरोगा के बीच हुई इस बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो आला अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेते हुए दरोगा को निलंबित कर इस की जांच संबंधित अधिकारियों को सौंप दी है।

# पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से इंसाफ की गुहार लगाई




कानपुर। नरेन्द्र पुत्र स्व0 जीवन लाल निवासी-ग्राम चारमखेड़ा थाना-ग्वालटोली, कानपुर नगर की नृशंश हत्या उपरोक्त प्रथम सूचना रिपोर्ट मैं नामित अभियुक्तगण रवि (प्रधान पुत्र) पुत्र अशोक, दीपक पुत्र किशोर, अंकित पुत्र अनिल सभी निवासीगण ग्राम देवनीपुरवा, थाना-ग्वालटोली, कानपुर नगर पिन्टू पुत्र रमेश निवासी-घारमखेड़ा थाना-ग्वालटोली, कानपुर नगर व एक अज्ञात व्यक्ति ने दिनांक 07/08/2023 को समय करीब 11 बजे दिन पूर्व नियोजित साजिश के तहत अभियुक्त पिन्टू के द्वारा घर से ले जाकर कर दी थी और हत्या करके गंगा नदी में डाल दिया था जिसकी लाश दिनांक-09/08/2023 को समय करीब 12 बजे दिन मिश्रा कालोनी गंगाघाट उन्नाव के पास गंगाजी में मिली थी। हत्या की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी हुई है, जिसमें मृतक के सिर में चोट पाई गई है। मुल्जिमान धनाड्य असरदार एवं दबंग व्यक्ति है जिसमें रवि नामक अभियुक्त प्रधानपुत्र है घटना के करीब 26 दिन बीत चुके है सम्बन्धित थाने की पुलिस मुल्जिमान की नाजायज सांठ-गांठ से प्रार्थी व मृतक के परिवार वालों को टरका देती और आज तक किसी भी मुल्जिमान को गिरफ्तार नहीं किया गया है भुल्जिमान ऐलानिया धमकी दे रहे है कि अभी एक-दो को और निपटाना है जिसके कारण पूरा परिवार दहशत में है।

# चालान के विरोध में जड़े थप्पड़...विरोध में सपाइयों ने घेरा थाना

बीपीएस न्यूज

कानपुर। एसीपी निशंक शर्मा ने बताया कि वाहन गलत तरीके से खड़ा था इसलिए चालान किया गया था। विधायक ने अभद्रता का आरोप लगाया है। यदि जांच में इसकी पुष्टि होती है, तो संबंधित पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।कानपुर में कलक्टरगंज थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े वाहन के हुए चालान का विरोध करने पर पुलिस ने युवक को पीट दिया।इसके विरोध में आर्यनगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई के नेतृत्व में दर्जनों सपाइयों ने थाने का घेराव कर हंगामा किया।सूचना पर पहुंचे कलक्टरगंज एसीपी ने समझाबुझाकर मामला शांत कराया ।उन्होंने विधायक को आरोपों की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। इलाके में रहने वाले आशुतोष चौरसिया अपना वाहन कलक्टरगंज थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ा कर किसी काम से चले गए। इस बीच गश्त पर निकले चौकी इंचार्ज ने यातायात प्रभावित होने पर वाहन का चालान कर दिया ।आरोप है कि जब आशुतोष ने चालान का विरोध किया तो चौकी इंचार्ज ने कई थप्पड़ जड़ दिए। साथ मौजूद आशुतोष की मां ने विधायक अमिताभ बाजपेई को घटना की जानकारी दी तो वह अपने समर्थकों के साथ कलक्टरगंज थाने पहुंच गए। समर्थकों ने चौकी इंचार्ज पर अभद्रता का आरोप लगा हंगामा किया ।सूचना पर पहुंचे एसीपी निशंक शर्मा ने बताया कि वाहन गलत तरीके से खड़ा था। इसलिए चालान किया गया था। मामले में विधायक ने अभद्रता का आरोप लगाया है। यदि जांच में इसकी पुष्टि होती है, तो संबंधित पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# प्रवर्तन दल ने प्रतिबंधित थर्मोकोल और कैरीबैग ले जाते हुए 3 वाहन पकड़े





बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर निगम प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने शनिवार रात विभिन्न स्थानों पर नाके लगा कर एक ट्रक और दो ई रिक्शा पकड़े ।ट्रक (यूपी 33टी 1620) 640 किलो थर्मोकोल की प्लेटें और दोने श्याम उद्योग नामक रनिया स्थित फैक्ट्री से बहराइच के नानपारा जा रहा था। यह ट्रक यशोदा नगर के पास हाईवे पर पकड़ा गया ।अन्य नाकों ने फजलगंज और ट्रांसपोर्ट नगर में एक ड्क एक ई रिक्शा पकड़ा, जिनमें 617 किलो प्लास्टिक कैरीबैग, प्लास्टिक चम्मचें और ग्लास लोड थे।

दोनों रिक्शों से रविवार 90 हजार जुर्माना विकास कुमार राजस्व निरीक्षक द्वारा वसूला गया और इनका माल जब्त कर गाड़ियों को छोड़ दिया गया ।थर्मोकोल लदा ट्रक अभी नगर निगम में खड़ा है और जुर्माना भरने पर उसे छोड़ा जाएगा ।तीनों गाड़ियों से कुल साढ़े 12 क्विंटल माल जब्त किया गया और खबर मिलने तक 90 हजार रुपए जुर्माना लिया गया है। ट्रक से जुर्माना लेना शेष है।

इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार धनंजय, जितेंद्र सिंह, रामनरेश, राजेश गुप्ता, जितेंद्र बहादुर इत्यादि शामिल रहे।

# एनसीसी कैडेटों ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



बीपीएस न्यूज

कानपुर। एस.एन.सेन.बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या सविता यादव के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत छात्राओं ने शपथ ग्रहण की एवं 17 यूपी गर्ल्स बटालियन के एनसीसी कैडेटों ने आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और बताया हमें मिलकर स्वच्छता को अपनाना है कैडेटों ने आम जनमानस से प्रार्थना की हमारी कोशिश आपकी सोच एक कदम स्वच्छता की ओर प्रधानाचार्य सविता यादव ने बताया कि एनसीसी कैडेट एवं कॉलेज की छात्राएं आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।